Love All Serve All

Live And Let Live

RNI No. RAJBIL/2013/53515

# महावीर प्रवाह
# MAHAVIR PRAVAH

A Non Religious Social Service Organization

जयपुर

Publication Date: 28th Per Month · Year 12th, September 2025, Issue 10 · Despatch Date: 28th Per Month · Total Pages: 36

## शपथ ग्रहण समारोह



**महावीर इंटरनेशनल मेट्रो सिटी, छत्रपति संभाजीनगर**
**महावीर इंटरनेशनल छत्रपति संभाजी नगर**
**महावीर इंटरनेशनल मेजेस्टिक छत्रपति संभाजी नगर**
**महावीर इंटरनेशनल मैजिक वीरा केंद्र, छत्रपति संभाजी नगर**




वीर सीए अनिलजी जैन
अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष : महावीर इंटरनेशनल अपेक्स
वीर शैलेश चांदीवाल
वीर अनंत जैसवाल
(सचिव)
वीर कमलेश सेठिया
(कोषाध्यक्ष)
Love All Serve All


Love All Serve All
MAHAVIR
INTERNATIONAL
Live And Let Live











**International President**
**Vir CA Anil Jain (MIGF)**
president@mahavirinternational.org
**International Secretary General**
**Vir Sohan Lal Vaidya (MIF)**
sg@mahavirinternational.org
**Chief Editor**
**Vira Shilpa Bumb**
**Mob.:** +91 863 742 7008
jainshilpa505@gmail.com
**Editor**
**Vir Hastimal Banthia**
**Mob.:** +91 98795 60524
hastimallbanthia@gmail.com
**Co-Editor :**
**Vira Pia Surana**
**Mob.:** +91 88792 81991
pia.kaur93@gmail.com
**Vira Santosh Marwari**
**Mob.:** +91 98291 33866
srmarwari@gmail.com
**Vira Dr. Poonam Gujrani**
**Mob.:** +91 98254 73857
poonamgujrani@gmail.com
**Vir Ajay Agarwal**
**Mob.:** +91 81086 13350
ajay.agarwal.mum@gmail.com
**Vir CA fatehchand Samdariya**
**Mob.:** +91 98410 85587
fcjain@jainbafna.ca
**Vira Deepika Jain**
**Mob.:** +91 98168 22995
deepiadish@gmail.com
**Vir Dr. Krishan Kumar Jain**
**Mob.:** +91 94259 73448
drkkjainbsnlnmh@gmail.com
**Vir Chandra Kumar Rakhecha**
**Mob.:** +91 98296 72757
crakhecha@gmail.com
**Bank Details :**
**Mahavir International Foundation Trust**
Saving Account No. 61062861475
**Mahavir International Apex**
1. Saving Account No. 61085014726
IFS Code : SBIN0031033 STATE BANK OF INDIA
Branch : Tilak Nagar, Jaipur
2. Current Account No. 675705602397
ICICI Bank
Branch : Janta Colony, Jaipur IFS Code : ICIC0006757
**Website :**
www.mahavir.international
**For sending reports :**
reports@mahavirinternational.org
**To communicate with Jaipur Office :**
office@mahavirinternational.org
**Facebook :**
**Page :**https://www.facebook.com/ mahavirinternationalapex
**Group :** https://www.facebook.com/ mahavirintnlapex
**Instagram link :**
https://www.instagram.com/mahavir_ international_apex/
**Layout & Designer :**
**Nakul Swami**

# Contents

अध्यक्षीय संदेश ....04

गवर्निंग काउंसिल सत्र 2025-2027 सदस्य सूची ....05

**रीजन-1**
- नार्थ-1 संभाग ....09
- नार्थ-2 संभाग ....11

**रीजन-2**
- जयपुर संभाग ....12
- सीकर-झुंझुनू संभाग ....13

**रीजन-3**
- अजमेर संभाग ....14
- भीलवाड़ा संभाग ....16
- बिजयनगर-ब्यावर संभाग ....19
- चित्तौड़गढ़ संभाग ....19

**रीजन-4**
- डूंगरपुर-बांसवाड़ा संभाग ....20
- राजसमंद संभाग ....22
- उदयपुर संभाग ....22

**रीजन-5**
- बीकानेर संभाग ....23
- जोधपुर संभाग ....27

**रीजन-6**
- बाड़मेर-बालोतरा संभाग ....28

**रीजन-7**
- भोपाल संभाग ....28
- इंदौर-उज्जैन संभाग ....29
- रतलाम-नीमच संभाग ....30

**रीजन-8**
- सेंट्रल महाराष्ट्र संभाग ....30
- गुजरात संभाग ....31

**रीजन-9**
- महाकौशल संभाग ....32
- विदर्भ संभाग ....32

**रीजन-10**
- आँध्रप्रदेश-ओडिशा संभाग ....32
- तमिलनाडु-केरला संभाग ....33
- तेलंगाना संभाग ....34



Vir CA Anil Jain
International President

## समस्त सेवाभावी, सम्मानीय वीर एवं वीरायें,
## जय महावीर।

मेरे हृदय के अंतः स्थल से आप सभी के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ कि आपने मुझे पुनः अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपकर जो अटूट विश्वास और स्नेह प्रदर्शित किया है, वह मेरे लिए गौरव और प्रेरणा दोनों का स्रोत है।

आपका यह निर्णय केवल मेरे प्रति सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि संगठन की उज्ज्वल दिशा और समर्पण की भावना का द्योतक है।

मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूँ कि आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए मैं तन-मन-धन से समर्पित रहूँगा तथा **"प्राणी मात्र की सेवा"** भावना को केंद्र में रखकर संगठन को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने का हर संभव प्रयास करूँगा।

**संगठन निर्माण का नया अध्याय**

पिछले कुछ दिनों में मैंने पूरे भारत में संस्था के अनेक प्रतिभाशाली, सेवाभावी और समर्पित रत्नों की खोज की है, जिन्हें एक सूत्र में पिरोकर संगठन को और सशक्त रूप प्रदान करने का प्रयास किया गया है।

इसी क्रम में –

- अंतरराष्ट्रीय महासचिव पद पर वीर सोहनलाल जी वैद्य, बालाघाट
- अंतरराष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पद पर वीर सीए सुधीर जी जैन, दिल्ली

को मनोनीत किया गया है। साथ ही, वीर सुधीर जी को अतिरिक्त दायित्व के रूप में अंतरराष्ट्रीय निदेशक (CSR & External Resource Mobilization) का कार्यभार भी सौंपा गया है। अन्य पदों पर मनोनयन की प्रक्रिया शीघ्र ही पूर्ण की जाएगी।

इस बार हम केवल सिफारिशों के आधार पर नहीं, बल्कि योग्यता, रुचि, सेवा-भावना और सहमति के आधार पर दायित्व सौंपने का संकल्प लेते हैं। यह चयन किसी पद की प्राप्ति का माध्यम नहीं होगा, बल्कि यह विश्वास अर्जित करने और जिम्मेदारी निभाने का अवसर होगा।

इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, सभी से अनुरोध है कि जो साथी इस महाअभियान में कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को नई दिशा देना चाहते हैं, वे अपनी अभिरुचि (Expression of Interest) व्यक्तिगत रूप से प्रेषित करें।

हमारा दृष्टिकोण — "कम शब्द, अधिक कार्य"

हम सब सेवा की भावना को अपनाते हुए :

- कार्य में पारदर्शिता और परिणामपरकता लाएँगे,
- नवाचार (Innovation) व टेक्नोलॉजी का उपयोग करेंगे,
- युवा एवं महिला सहभागिता को प्रोत्साहन देंगे,
- और संस्था की शाखाओं, सदस्यों तथा सेवा-गतिविधियों में संख्यात्मक और गुणात्मक वृद्धि सुनिश्चित करेंगे।

हमारा लक्ष्य है — महावीर इंटरनेशनल को वास्तविक अर्थों में विश्वपटल पर एक विशिष्ट पहचान प्रदान करना।

मैं आप सभी से हृदयपूर्वक निवेदन करता हूँ कि अपने परिवारजनों, मित्रों व समाज के जागरूक व्यक्तियों को इस पवित्र संगठन से जोड़ें, ताकि हम सब मिलकर समाज को सेवा, सद्भावना और समर्पण की नई दिशा दे सकें।

आइए, मिलकर एक नई ऊर्जा, नई सोच और नई प्रेरणा के साथ "जय महावीर" के जयघोष से इस नव अध्याय की शुरुआत करें।

आपका,

**वीर सीए अनिल जैन**

**अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष (नव निर्वाचित)**

# Governing Council Session 2025-2027

## Governing Council Members

**Zone: NZ-1**
**Vir Ram Lal Borar**, Faridabad
**Mob.:** 9810006806
**Email:** borar2006@yahoo.co.in



**Zone: Ajmer**
**Vir Nitin Ohri**, Ajmer
**Mob.:** 7568378072, 9462511936
**Email:** nitinsimran1122@gmail.com



**Zone: Ajmer**
**Vira Vartika Sharma**, Ajmer
**Mob.:** 9414378951
**Email:** voicevartika@gmail.com



**Zone: Ajmer**
**Vir Sanjay Kumar Dhariwal**, Makrana
**Mob.:** 9829271311
**Email:** sanjaydhariwal13@gmail.com



**Zone: Sikar-Jhunjhunu**
**Vir Suresh Agarwal**, Sikar
**Mob.:** 9414036853
**Email:** sureshkagarwal2019@gmail.com



**Zone: Sikar-Jhunjhunu**
**Vir Shyam Sundar Jalan**, Sikar-Jhunjhun
**Mob.:** 9414540345
**Email:** shyamsundarjalan@gmail.com



**Zone: Sikar-Jhunjhunu**
**Vir Nagarmal Jangid**, Sikar-Jhunjhun
**Mob.:** 9414542887
**Email:** nmjangid@gmail.com



**Zone: Telangana-Karnataka**
**Vira Sheetal Sankhla**, Udaan
**Mob.:** 9989195898
**Email:** rajeshjain.rj899@gmail.com



**Zone: Telangana-Karnataka**
**Vir Ajay Jain Nahata**, Hyderabad
**Mob.:** 9396542086
**Email:** sheetaldeepak1998@gmail.com



**Zone: Telangana-Karnataka**
**Vir Vinod Sancheti**, Hyderabad
**Mob.:** 9849007470
**Email:** vsancheti1966@gmail.com



**Zone: Dungarpur- Banswara**
**Vir Harshvardhan Jain**, Dungarpur
**Mob.:** 7733023806
**Email:** mgjdpr@gmail.com



**Zone: Dungarpur- Banswara**
**Vir Ajit Kothia**, Garhi Partapur
**Mob.:** 9413398396
**Email:** ajitkothia61@gmail.com



**Zone: Dungarpur- Banswara**
**Vir Suresh Chandra Gandhi**, Nougama
**Mob.:** 9413018876
**Email:** sureshgandhi496@gmail.com



**Zone: Bikaner**
**Vir Santosh Kumar Banthia**, Bikaner
**Mob.:** 9414137145
**Email:** banthiasantoshkumar@gmail.com



**Zone: Bikaner**
**Vir Rajendra Singh Rathore**, Nokha
**Mob.:** 9414416943
**Email:** rajendrarathore0712@gmail.com



**Zone: Bikaner**
**Vir Rajendra Baid**, Hanumangarh
**Mob.:** 9414332628
**Email:** baidrajender@gmail.com



**Zone: Chittorgarh**
**Vir Rajendra Kumar Jain**, Chhotisadri
**Mob.:** 9414618707
**Email:** rkj2159@gmail.com



**Zone: Chittorgarh**
**Vir Prakash Chandra Pokharna**,
Chhotisadri
**Mob.:** 8005811021
**Email:** prakashpokharna.pp@gmail.com



**Zone: Mumbai**
**Vir Dr. Balwant Kumar Chordia**,
Vashi, Navi Mumbai
**Mob.:** 9820044129
**Email:** balvantchordia@gmail.com



**Zone: Mumbai**
**Vir Manek Jugraj Mehta**, Mumbai
**Mob.:** 9820075321
**Email:** accounts@poonamdevelopers.in



**Zone: Udaipur**
**Vir Sunil Gang**, Udaipur
**Mob.:** 9414165165
**Email:** sunilgang56@rediffmail.com



**Zone: Udaipur**
**Vir Prakash Chandra Talesra**,
Lakecity, Udaipur
**Mob.:** 9269738666
**Email:** pctjbm@gmail.com



**Zone: Bijaynagar-Beawar**
**Vir Sushil Kumar Chhajer**,
Diamond Beawar
**Mob.:** 9461475704, 8118848529
**Email:** sushilchhajer01462@gmail.com



**Zone: Bijaynagar-Beawar**
**Vir Yashwant Raj Kothari**,
Yuva Beawar
**Mob.:** 7597278025
**Email:** arihantjain6777@gmail.com



**Zone: Central Maharastra**
**Vir Manoj Madanlal Shetiya,** Ahmednagar
**Mob.:** 9422221511
**Email:** mshetiya@gmail.com



**Zone: Central Maharastra**
**Vir Dhanraj Lalchand Sancheti,** Ahmednagar
**Mob.:** 9422221240
**Email:** dlsancheti@gmail.com



**Zone: Bhilwara**
**Vira Chandra Ranka,** Meera Bhilwara
**Mob.:** 9571466841
**Email:** chandraranka2@gmail.com



**Zone: Bhilwara**
**Vira Deepa Shisodia,** kanak, bhilwara
**Mob.:** 9829460294
**Email:** deepashisodia634@gmail.com



**Zone: Gujrat**
**Vir Arun Kumat,** Vadodara
**Mob.:** 9898122800
**Email:** arunkumat@gmail.com



**Zone: Gujrat**
**Vira Dr. Anamika Talesara,** Abhilasha Surat
**Mob.:** 9427808401
**Email:** janamika17@gmail.com



**Zone: Rajsamand**
**Vir Vijay Prakash Jain (Pipada),** Kunwariya
**Mob.:** 9414834052
**Email:** vijay.prakashjain@gmail.com



**Zone: Rajsamand**
**Vir Dr. Virendra Kumar Mahatma,** Rajsamand
**Mob.:** 9414472403
**Email:** virendramahatma907@gmail.com



**Zone: Jodhpur**
**Vir Anil Kumar Banthia,** Nagaur
**Mob.:** 9462573239
**Email:** banthiaanilkumar@gmail.com



**Zone: Jodhpur**
**Vira Vandana Baxi,** Jodhabai
**Mob.:** 9829794186
**Email:** vbaxi1962@gmail.com



**Zone: NZ-II**
**Vir Jitesh Jain,** Ambala City
**Mob.:** 9315100056
**Email:** mlco_amb@yahoo.com



**Zone: NZ-II**
**Vir Ravinder Jain,** Chandigarh
**Mob.:** 9041011033
**Email:** jain.ravinder33@gmail.com



**Zone: Andhra Pradesh & Odisha**
**Vir Subodh Kumar Rakhecha,** Visakhapatnam
**Mob.:** 9441141369
**Email:** subodhrakhecha@gmail.com




**Zone: Jaipur**
**Vir Gyanchand Chajed,** Pinkcity Jaipur
**Mob.:** 9828053165
**Email:**



**Zone: Tamilnadu & Kerala**
**Vir Gyanchand Kothari,** Chennai Metro
**Mob.:** 9941233999
**Email:** jaijinendragyankothari@gmail.com



**Zone: Vidarbha**
**Vir Pravin Rameshchandra Nimodiya,** Yavatmal
**Mob.:** 8956114555, 9422169697
**Email:** pnadityavahiniytl@gmail.com



**Zone: Mahakaushal**
**Vir Sohan Lal Vaidya,** Balaghat
**Mob.:** 9425822575
**Email:** sohanyugvaidya@gmail.com



**Zone: Barmer-Balotra , Pali**
**Vir Javerilal Mehta,** Balotra
**Mob.:** 9414270948
**Email:** javerillalmehta48@gmail.com



**Zone: NE , BR , JH & WB**
**Vir Bajrang Sethia,** Siliguri
**Mob.:** 9434067700
**Email:** vtc_bajrang@yahoo.co.in



**Zone: Bhopal**
**Vir Vikram Jain,** Vidisha
**Mob.:** 9406522555
**Email:** vikramvds@gmail.com



**Zone: Jalore - Sirohi**
**Vir P. L. Songra,** Granite City, Jalore
**Mob.:** 9414151151
**Email:** plsongara@gmail.com



**Zone: Indore-Ujjain**
**Vir Ashok Bhandari,** Ujjain
**Mob.:** 9425428311
**Email:** akbhandariujjain@gmail.com



**Zone: Chhattisgarh**
**Vir Dr. Niranjan Haritwal,** Raipur Main
**Mob.:** 9329107953, 9425520517
**Email:** drharitwal23@gmail.com



**Zone: Ratlam - Neemuch**
**Vir Rakesh Jain,** Mandsaur
**Mob.:** 9926497321
**Email:** rakeshjain321@yahoo.in



## रीजन-1

## नार्थ-1 संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अलवर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अलवर केंद्र** द्वारा अगस्त माह में संचालित अस्पताल में निम्न





निशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

सेवाएं प्रदान की जैसे नेत्र जांच : 731, मोतियाबिंद ऑपरेशन : 15, स्पेक्स : 15, फिज़िशियन जांच : 849, फिजियोथेरेपी जांच : 253, डेंटल जांच : 47, गायनिकोलोजी : 25, ऑर्थोपेडिक : 23, ENT : 18, स्किन : 19, दवाइयों का वितरण : 126, डिजिटल एक्सरे में 102 एवं पैथेलॉजी जांच में 453 मरीजों को 30 प्रतिशत लाभ दिया गया। साथ ही केंद्र द्वारा कुछ विशिष्ट शिविर आयोजित किये गए जिसमे फ्री ब्लड शुगर जांच : 73, Hb 1Ac : 12, Uricacid : 31, थाइरोइड : 37, ऑर्थोपैडिक कैंप : 19, ब्लड प्रेशर कैंप : 45, मेडिकल, डेंटल, स्कैन, ऑर्थो कैंप : 68, लंग्स कैंप : 28, लिवर फंक्शन कैंप : 22 की जांच की गयी तथा केंद्र द्वारा 2 स्थायी जल मंदिर का सञ्चालन किया जा रहा है।

### महावीर इंटरनेशनल फरीदाबाद केंद्र
### निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल फरीदाबाद केंद्र** द्वारा अगस्त माह में भगवान महावीर हॉस्पिटल में नेत्र जांच- 410, नेत्र ऑपरेशन- 8, डेंटल चेकअप- 64, एक्यूप्रेशर उपचार- 89, न्यूरोथेरेपी उपचार- 192, फिजियोथेरेपी उपचार- 213, होमियोपैथी ट्रीटमेंट- 29, सेनेटरी नैपकिन भेजे गए- 10000, कम्प्यूटर शिक्षा एवं कौशल विकास केन्द्र- 60 छात्र।

### महावीर इंटरनेशनल गुरुग्राम केंद्र मेधावी महिलाओं का सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल गुरुग्राम केंद्र** द्वारा लायंस क्लब गुड़गांव सिटी, आरडब्ल्यूए सेक्टर 15-I, टीन्स ऑफ गॉड और श्रेयांश प्रॉपर्टीज़ के सहयोग से 15 अगस्त को सामुदायिक केंद्र, सेक्टर 15-I, गुड़गांव में



मेधावी महिलाओं का सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र वितरण कार्यक्रम

रक्तदान शिविर का आयोजन किया। 82 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री पी.एन. मोंगिया (हरियाणा वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष) ने किया। रक्तदान के अलावा, निःशुल्क दंत चिकित्सा, नेत्र चिकित्सा और सामान्य चिकित्सा जांच भी की गई। यह शिविर वीर संदीप जैन जी और उनके परिवार के सौजन्य से आयोजित किया गया। 22 अगस्त को सेक्टर 17 एमआई स्कूल, गुड़गांव में सिलाई (सिलाई) केंद्र के लिए मेधावी महिलाओं का सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। वीर राजीव गुप्ता द्वारा प्रायोजित छः सिलाई मशीनें प्रत्येक केंद्र की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को प्रदान की गई। सभी केंद्रों की सभी सफल सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा हेमा जैन जी और जोन चेयरपर्सन वीरा सुनीता जैन जी उपस्थित रही। उन्होंने उत्कृष्ट स्कूल प्रोजेक्ट के लिए एमआई एपेक्स की ओर से केंद्र को ट्रॉफी प्रदान की। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब, गुरुग्राम के सम्मानित सदस्यों के साथ-साथ केंद्र के कई सदस्यों ने भाग लिया। केक काटकर वीर राजीव गुप्ता जी का जन्मदिन भी मनाया गया।

## महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन फरीदाबाद केंद्र रक्तदान शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन फरीदाबाद केंद्र** द्वारा 31 अगस्त को लखानी धर्मशाला, फरीदाबाद में आयोजित रक्तदान शिविर और स्टेम सेल डोनर रजिस्ट्री सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस शिविर में कुल 347 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया तथा 33 लोगों ने स्टेम सेल डोनर रजिस्ट्री में पंजीकरण कराया।




**रक्तदान शिविर का आयोजन**

## महावीर इंटरनेशनल प्रयास वीरा केंद्र अलवर विभिन्न सेवागतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल प्रयास वीरा केंद्र अलवर** द्वारा वात्सल्य प्रोजेक्ट के तहत सेटेलाइट हॉस्पिटल काला कुआं अलवर में नवजात शिशुओं को 50 बेबी किट और धात्री माताओं को पोषण की पोटली वितरित की गई। कार्यक्रम में केंद्र चेयरपर्सन वीरा लता शर्मा और वीरा गरिमा शर्मा ने बरसात के मौसम में संक्रमण से बचाव करने के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा धात्री माताओं को पौष्टिक आहार के बारे में बताया। गरिमा प्रोजेक्ट के तहत डाइट अलवर की छात्राध्यापिकाओं को 50 सेनेटरी नैपकिन वितरित किए तथा महावारी के समय में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बतलाई।






**बेबी किट एवं कपड़े की थैली वितरण कार्यक्रम**

तथा मानव सेवा प्रोजेक्ट के तहत बस में यात्रा करने वाले दिव्यांग जनों और वृद्ध लोगों की परेशानी को ध्यान में रखकर अलवर बस स्टैंड पर एक व्हीलचेयर भेंट की। कार्यक्रम में बस स्टैंड के पदाधिकारी और स्टॉफ ने संस्था को व्हीलचेयर के पूर्ण उपयोग करने के सम्बन्ध में आश्वस्त किया। केंद्र चेयरपर्सन वीरा लता शर्मा, सचिव वीरा रूबी सुराणा, कोषाध्यक्ष वीरा अनिता जैन, वीरा निधि सुराणा, वीरा सुमन संचेती, वीरा गरिमा शर्मा ने उपस्थित स्टाफ को कपड़े के थैले उपहार स्वरूप भेंट किए साथ ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक काम में लेने से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए भविष्य में कपड़े के थैले काम में लेने का आग्रह किया।

## महावीर इंटरनेशनल उर्विजा वीरा केंद्र शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल उर्विजा वीरा केंद्र** द्वारा 5 सितम्बर को उर्विजा स्टडी सेंटर में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम सभी के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव बन गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए विविध गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों द्वारा केक काटकर की गई। इसके पश्चात सभी




**शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन**

विद्यार्थियों को केक वितरित किया गया। साथ ही, प्रत्येक बच्चे को एक गुडी बैग भी भेंट किया गया, जिससे बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस आयोजन ने न केवल शिक्षकों के अमूल्य योगदान को सम्मानित किया, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच के संबंध को और भी प्रगाढ़ बनाया। समस्त प्रतिभागियों की सामूहिक सहभागिता एवं उत्साह ने इस समारोह को विशेष और सफल बना दिया।

## नार्थ-2 संभाग

### महावीर इंटरनेशनल जम्मू केंद्र राशन किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल जम्मू केंद्र** द्वारा जम्मू और इसके आसपास के क्षेत्रों में आई भारी बारिश एवं फ्लैश फ्लड्स से प्रभावित परिवारों की सहायता हेतु गांव गदिगढ़ में बाढ़ से प्रभावित 50 परिवारों को राशन किट वितरित कीं। प्रत्येक राहत किट में 10



राशन किट वितरण कार्यक्रम

किलोग्राम चावल, दाल, तेल, चीनी, चाय पत्ती, कपड़े तथा सेनेटरी नैपकिन जैसी आवश्यक सामग्री शामिल की। इस अवसर पर केंद्र के सदस्यों के साथ-साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर राहत वितरण कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई।

### महावीर इंटरनेशनल लुधियाना केंद्र कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल लुधियाना केंद्र** द्वारा 6 सितंबर को जैन स्थानक, सिविल लाइंस, लुधियाना में कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन किया गया। 10 मरीजों को अंग और श्रवण यंत्र वितरित किए गए। शिविर का आयोजन वरिष्ठ सदस्य वीर जतिंदर जैन शरमनजी यार्न्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया। इस अवसर पर वीर विजय जैन, वीर विनोद गोयम, वीर फूल चंद जैन उपस्थित रहे।



कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन

### महावीर इंटरनेशनल मालेरकोटला केंद्र रक्तदान शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मालेरकोटला केंद्र, सर्वतीर्थमयी गौसेवा परिवार एवं मानव निष्काम सेवा समिति रजिः** मालेर कोटला



रक्तदान शिविर का आयोजन

के सहयोग से अमर शहीद लाला जगत नारायण जी की 44 पुण्य तिथि पर विशाल खुनदान केम्प काली माता मंदिर धर्मशाला में लगाया गया जिसमे सभी के सहयोग से 322 युनिट रक्तदान किया जोकि एक रिकार्ड है। इस केम्प मे सिविल हस्पताल मालेरकोटला, पटियाला हस्पताल मालेर कोटला, लाईफ लाईन हस्पताल लुधियाना, गुरु तेग बहादुर हस्पताल लुधियाना की बल्ड बैंक ने आपना सहयोग दिया। इस केम्प में पंजाब केसरी समूह के डायरेक्टर अभिनव चोपडा जी मुखमहिमान पहुंचे इसके साथ ही मालेरकोटला के एम.एल.ऐ जमील उर रहमान आपनी धर्मपत्नी के साथ पहुंचे, सरदार गुरलवलीन सिंह सिद्दु I.A.S D.C (R) विशेष महिमान शामिल हुए।



## रीजन-2

## जयपुर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केन्द्र जयपुर विभिन्न सेवागतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केन्द्र जयपुर** द्वारा अगस्त माह के अंतर्गत स्थाई परियोजनाओं के तहत श्याम नगर आराधना भवन में निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सालय में वीर एम सी लोढ़ा के सहयोग से रु 5000 दिए गए। जलमंदिर अजमेरी गेट पर मोहणोत परिवार द्वारा संचालित की गयी। वीर बालिका महाविद्यालय में निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर जिसमे 16 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्वनेत्र अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद 12 ऑपरेशन करवाए गए। अस्थाई सेवाकार्यों के अंतर्गत वीरा माया बोथरा के सहयोग से सुबोध स्कूल में 11 छात्रों के लिए 61000/- की फीस जमा करवाई, सम्मान वृद्धाश्रम में 20 चद्दर खोली सहित भेंट की एवं वहां रहने वालो को जलपान करवाया, सेवाधाम कानोता में 145 बुजुर्ग वाम मानसिक बीमार वृद्धो को जलापन करवाया, एक सार्थक वृद्धाश्रम के निर्माण कार्य के लिए 1 लाख की सहयोग राशि दी इसके अतिरिक्त आश्रय अनाथ आश्रम में बच्चो को तारामंडल की सैर करवाई गयी व नाश्ता करवाया गया, 15 अगस्त को वीर राजीव जी के सहयोग से स्वतंत्रता दिवस पर प्रेम



पाठ्य सामग्री वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



निकेतन स्कूल में झंडा रोहण एवं बच्चो की ड्रेस के लिए 25000/- का चेक दिया गया तथा हर माह की भांति इस माह भी कैंसर मरीज को कोलोन बैग एवं राशन सामग्री तथा अन्य कैंसर मरीज को नगद सहायता दी गयी। केंद्र द्वारा एक बड़ी छतरी मोची को दी गयी। वीरा कमला पानगड़िया द्वारा Deaf & Dumb स्कूल में 260 बच्चो को यूनिफॉर्म दी गयी। अगस्त माह में वीर मनदीप एवं केंद्र द्वारा लगभग 1000 पौधे लगवाए गए। 15 अगस्त को अपैक्स सर्किल स्कूल में झंडारोहण एवं बच्चो को लड्डू वितरित किये गए साथ ही बच्चो की पढाई के लिए 10 डेस्क उपलब्ध करवाई गयी। अतः फाइट हॉस्टल में HIV बच्चो को जलपान करवाया गया। उपरोक्त सभी सेवाकार्यक्रमों में केंद्र द्वारा 3,23,677/- व्यय किये गए।

### महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती वीरा केन्द्र जयपुर बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती वीरा केन्द्र जयपुर** द्वारा वात्सल्य परियोजना के अंतर्गत अपैक्स से प्राप्त 50 बेबी किट सांगानेरी गेट स्तिथ महिला चिकित्सालय में नवजात शिशुओं की माताओं को दिये व उनको बच्चों को स्वच्छ रखने व 6 महीने तक अपना ही दूध पिलाने



बेबी किट वितरण कार्यक्रम

के बारे में जानकारी दी गई। मानव सेवा के तहत अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत एक विधवा महिला कृष्णा जिसके 2 छोटे बच्चे हैं जिनको हर महीने जरूरत का समान देते हैं उनको इस माह का राशन का समान दिया गया जिसमें 10 kg आटा, मूंग दाल, चना दाल, अरहर दाल तेल, पोहा, दलिया, नमक, चीनी, चाय पति, मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, हल्दी आदि समान दिया गया। व वीरा आशा खरेड़ के सहयोग से महावीर विकलांग केंद्र में एक जरूरतमंद दिव्यांग व्यक्ति को दी व एक व्यक्ति को जयपुर फुट लगवाया। इन अवसरों पर केन्द्र चेयरपर्सन वीरा इंद्रा लोढा, वीरा कुसुम खरेड़, वीरा आशा गोलछा, वीरा रेणु बरड़िया, वीरा आशा खरेड़ व वीरा रेखा लोढा की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल सखी वीरा कोटा केंद्र
## बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सखी वीरा कोटा केंद्र** द्वारा अजय आहूजा नगर उड़िया कच्ची बस्ती कोटा में अपेक्स की तरफ से लड़कियों को पहनने के लिए 25 सूट वितरित किए गए। व केंद्र द्वारा जेकेलोन हॉस्पिटल कोटा में अपेक्स की तरफ से दिऐ गये 50 नवजात शिशुओं को बेबी किट वितरित किए गए। इन अवसरों पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा सुलोचना जैन, सचिव वीरा मिथिलेश जैन एवं डॉ जितेन्द्र जैन उपस्थित रहे।



बेबी किट वितरण कार्यक्रम

## महावीर इंटरनेशनल वाइब्रेंट वीरा केंद्र जयपुर
## होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति पर चर्चा का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वाइब्रेंट वीरा केंद्र जयपुर** एवं राजस्थान बाल विकास विभाग के संयुक्त सहयोग से "वात्सल्य - स्वास्थ्य सहेली परियोजना" के अंतर्गत होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति पर चर्चा हेतु, राजस्थान सरकार द्वारा अधिकृत USHA सामाजिक संस्थान के सहयोग से महावीर इंटरनेशनल एपेक्स कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की प्रारंभिक जानकारी संस्था की संस्थापक सदस्य वीरा डॉ. रश्मि सरस्वत द्वारा प्रदान की गई। बैठक में सेवानिवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी श्री प्रदीप



होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति पर चर्चा का आयोजन

बुरड़, आंगनवाड़ी समन्वयक श्रीमती सुनीता, ज़ोन चेयरपर्सन वीरा रश्मि आर्य, चेयरपर्सन वीरा अल्पना तांबी, सचिव वीरा सुधा खंडेलवाल व 43 समर्पित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की सक्रिय सहभागिता रही। इस परियोजना के अंतर्गत प्रारंभिक रूप से 43 आंगनवाड़ी केंद्रों की 43 आशा सहयोगिनियों को होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में विशेषज्ञों द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत आशा सहयोगिनियों को प्राथमिक उपचार हेतु होम्योपैथिक औषधियों का किट प्रदान किया गया, तथा विभिन्न रोगों के लक्षणों के अनुरूप दी जाने वाली औषधियों की विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त, संस्था द्वारा प्रकाशित हिन्दी पुस्तिका भी वितरित की गई। 7 सितम्बर को अन्नपूर्णा परियोजना के अंतर्गत नारी चेतना गृह में भोजन सेवा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर 25 व्यक्तियों हेतु भोजन (लंच) प्रायोजित किया गया, जिसका प्रायोजन उपाध्यक्ष वीरा उर्मिला लश्करी द्वारा किया गया।

# सीकर-झुंझुनू संभाग

## महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू केंद्र
## बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू केंद्र** द्वारा प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा दिवस के शुभ अवसर पर प्रथम कार्यक्रम 9 सितम्बर को बी.डी.के. अस्पताल के जनाना विंग में आयोजित किया गया, जिसमें स्वर्गीय श्री डूंगरमल जी मंडेलिया की पुण्य स्मृति में, भाई लक्ष्मण सिंह जांगिड़ के आर्थिक सौजन्य से एवं डॉ. प्रियंका शेखसरिया (स्त्री रोग विशेषज्ञ) के सानिध्य में नवजात शिशुओं को संक्रमण से बचाव हेतु बिछाने, पहनने व ओढ़ने के 7 पीस के मेडिकेटेड बेबी किट का निःशुल्क वितरण किया गया। कुल 32 किट वितरित की गई।




बेबी किट वितरण कार्यक्रम

## महावीर इंटरनेशनल सनराइज झुंझुनू केंद्र विभिन्न सेवागतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सनराइज झुंझुनू केंद्र** एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय (छावनी बाजार) के सहयोग से केदारमल हलवाई स्मृति में अग्रवाल कटला, झुंझुनू में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में लगभग 645 रोगियों की जांच की गई और उन्हें नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई।





**जीव दया कार्यक्रम एवं नेत्र चिकित्सा एवं मधुमेह उच्च रक्तचाप शिविर का आयोजन**

केंद्र द्वारा वीर श्रीमान एस के भार्गव एवं वीर आलोक गोड़ के सौजन्य से चावो दादी मंदिर परिसर में मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 121 रोगियों की जांच कर एक माह की निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। शिविर में डॉ एस एन शुक्ला ने अपनी सेवाएं प्रदान की। श्रीमती अलका कंवर मनोज सिंह पंवार के सौजन्य से अन्नपूर्णा रसोई नगर परिषद के पास जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। वीर प्रमोद कुमार शर्मा के सौजन्य से माता जी स्वर्गीय श्रीमती द्रोपती देवी की पुण्य स्मृति में गोपाल गौशाला झुंझुनू परिसर में गौ माताओं को गुड एवं खल चूरी खिलाई गई। अंतर्राष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता वात्सल्य अभियान के अंतर्गत स्वर्गीय श्रीमान निरंजन लालजी केडिया परिवार के सौजन्य से भगवानदास खेतान अस्पताल झुंझुनू जनाना विंग परिसर में नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 51 हाइजेनिक बेबी किट, संक्रमण की रोकथाम हेतु वितरण किए गए। उपस्थित डॉक्टर्स ने प्रसुताओं को नवजात शिशुओं के संक्रमण से बचाव हेतु जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त महावीर इंटरनेशनल सनराइज झुंझुनू केंद्र एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में श्री रोहिताश एवं दर्शना देवी रावत मंड्रेला निवासी के सौजन्य से चावो दादी मंदिर में नेत्र चिकित्सा एवं मधुमेह उच्च रक्तचाप शिविर संपन्न हुआ, शिविर में टिबड़ा आई हॉस्पिटल एवं अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल की टीम द्वारा सेवाएं प्रदान की गई, आंखों के 285 रोगियों की जांच कर उनको निःशुल्क दवाइयां एवं 135 चश्मे वितरण किए गए, 37 मोतियाबिंद के रोगियों का चयन किया गया, जिनके ऑपरेशन सोमवार को कराए जाएंगे, अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल टीम द्वारा 161 मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप रोगियों की निःशुल्क जांच कर एक माह की दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई कूल 446 रोगियों ने शिविर का लाभ उठाया। इन विभिन्न अवसरों पर संरक्षक वीर डॉ एस एन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्याम सुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी वीर महेश कुमार मुंड, जोन चेयरमैन वीर नागरमल जांगिड़, वीर देवेंद्र कुमार गौड़, वीर प्रदीप कुमार शुक्ला, वीर सीताराम सैनी, वीर शिव प्रसाद महर्षि, वीर सूमेरसिंह कर्णावत, वीर डॉ हंसा, वीरा सरिता नूनिया, वीर दीपेंद्र सिंह, वीर अशोक कुमार शर्मा, वीर सुभाष चंद्र जोशी, वीर रमेश चंद्र शर्मा, वीर बिहारी लाल सैनी, वीर राजकुमार सोनी एवं काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# रीजन-3

## अजमेर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र विभिन्न सेवागतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र** द्वारा नियमित सेवा कार्यक्रमों की श्रंखला में विभिन्न तिथियों पर प्रति मंगलवार को अस्पताल में भर्ती 220 मरीजों को नमकीन-मीठे बिस्कुट, दूध एवं फल का वितरण किया गया। प्रति रविवार को संपत मल लोढ़ा धर्मशाला पृथ्वीराज मार्ग अजमेर में एक्यूप्रेशर एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर

का आयोजन किया गया। जिसमे 47 मरीजों ने सेवा का लाभ लिया। 18 अगस्त को वीर बालवीर राज सुराणा के द्वारा अपनी माताजी स्वर्गीय श्रीमती पुष्पा सुराणा पत्नी उगम राज सुराणा की पुण्यतिथि पर अपना घर आश्रम लोहागल रोड अजमेर में सायं काल यहां के 115 आवासियों के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन किया। व केंद्र द्वारा प्रत्येक समय ब्लड की आवश्यकता होने पर मरीजों को विभिन्न रक्त बैंकों से



भोजन वितरण का आयोजन



एक्यूप्रेशर एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर

रक्त उपलब्ध कराया जाता रहा है। इसी क्रम श्री मोहन दास केसवानी पुत्र श्री गोवर्धन दास जी जो जवाहरलाल नेहरू अस्पताल अजमेर में भर्ती है को O+ (ओ पॉजिटिव) रक्त की आवश्यकता होने पर वीर नितिन ओहरी (7560378072) की अनुशंसा पर वीर मुकेश ओसवाल ने एक यूनिट रक्त जनाना हॉस्पिटल के ब्लड बैंक अजमेर से 31 अगस्त को उपलब्ध कराया गया। इन अवसरों पर केंद्र सचिव वीर प्रभात सेठी, वीर मनीष सकलेचा, वीर मनोहर गोपाल ईनाणी, वीर एस के अग्रवाल, वीर विमल चंद जैन, वीर परमजीत कौर एवं वीर संदीप जैन व कई सदस्यों ने सेवाएं प्रदान की।

## महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र
## नई कार्यकारिणी गठन कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र** द्वारा स्वागत समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अशोक कुमार गोयल, ट्रस्टी वीर पदमचंद जैन, जोन चेयरमैन वीर अशोक गदिया एवं वीर लाभचंद अजमेर के कुचामन आगमन पर जेडी जैन स्कूल में भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महावीर के समक्ष दीप प्रज्वलन व प्रार्थना से हुई। केंद्र के वीर सुभाष पहाडिया, वीर रामावतार गोयल एवं वीर सुरेश कुमार जैन ने अतिथियों का तिलक-माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर सेवा कार्यों में उत्कृष्ट योगदान हेतु भामाशाह वीर कैलाश चंद, वीर निर्मल पांडया, वीर रतनलाल मेघवाल, वीर सोहनलाल, वीरा शारदा वर्मा, वीरा सीता, वीर सुभाष गंगवाल, नरेश जैन, प्रदीप काला व जीवन सिंह को सम्मानित किया गया। वहीं प्रकाश मेहरड़ा (कुचामन) एवं डॉ. मोहनलाल सानेल (जिलिया) द्वारा देहदान की घोषणा पर उनका विशेष अभिनंदन किया गया। इससे पूर्व, 20 अगस्त को केंद्र की नई कार्यकारिणी का गठन वरिष्ठ आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रशांत तिवाड़ी के सान्निध्य में संपन्न हुआ। नई टीम में वीर रामावतार गोयल को चेयरमैन, वीर अजित पहाडिया को सचिव, वीर सम्पत बगडिया को उप सचिव, वीर सुरेश कुमार जैन को कोषाध्यक्ष एवं वीर प्रदीप गंगवाल को उप कोषाध्यक्ष चुना गया। अन्य पदों पर



नई कार्यकारिणी गठन कार्यक्रम का आयोजन

वीर अशोक गंगवाल, वीर रतनलाल मेघवाल, वीर भानुप्रकाश औदिच्य, वीर कमल गौड़, वीर अशोक अजमेरा, वीर तेजकुमार बड़जात्या, वीर संदीप पांडया एवं वीर सुरेन्द्र सिंह दीपपुरा का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। नवनियुक्त कार्यकारिणी को शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण, जीवदया एवं मानव सेवा के संकल्प के साथ तिलक, माला एवं साफा पहनाकर शपथ दिलाई गई। कार्यक्रमों में वीर अशोक अजमेरा, वीर सम्पत बगडिया, वीर विजय पहाडिया, वीर कमल गौड़, वीर तेजकुमार बड़जात्या, वीर किशोर सेवदा, वीर भानुप्रकाश औदिच्य, वीर संदीप पांडया

वीर सुरेन्द्र सिंह दीपपुरा, तथा महिला और युवा सदस्यों वीरा सरोज पाटनी, वीरा कल्पना, वीरा मनीषा पहाडिया, वीर आनंद सेठी, वीर पारस, वीर आशीष, वीर प्रवीण, वीर विशाल जैन, कार्तिक गोयल आदि की सक्रिय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल युवा कुचामन सिटी केंद्र
## जीव दया कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल युवा कुचामन सिटी केंद्र** द्वारा बच्च बारस के अवसर पर सामरिया सागर गौशाला पहुंचकर गौ सेवा करी। इस अवसर पर केंद्र सदस्य वीर सुरेन्द्र सिंह दीपपुरा, वीर आशीष झांझरी, वीर पारस, वीरा नेहा, वीरा एकता, वीरा जीनल पहाड़िया, वीर राहुल झांझरी, वीर आनन्द आशा सेठी उपस्थित रहे। गौ माता को गुड़ एवं हरा चारा खिलाया गया।



जीव दया कार्यक्रम का आयोजन

## महावीर इंटरनेशनल विजयश्री वीरा केंद्र, बोरावड़
## विभिन्न सेवागतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल विजयश्री वीरा केंद्र,** बोरावड़ द्वारा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीरा इंदु कर्णावत के सहयोग से बच्चों को पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर केंद्र सचिव वीरा शांति मुणोत भी उपस्थित रहीं। इसी क्रम में, केंद्र द्वारा बोरावड़ में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वीराओं ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाकर पर्यावरण की स्वच्छता एवं हरियाली बनाए रखने में योगदान दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों के साथ मिलकर घर-घर तिरंगे लगाए गए व इस अवसर पर भारत का




वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

सुंदर मानचित्र तैयार किया गया तथा एक बालिका को भारत माता के रूप में सजाकर भावनात्मक प्रस्तुति दी गई। इसके अतिरिक्त, जन्माष्टमी के अवसर पर आकर्षक झांकियां सजाई गई और छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुतियां दी गई, जिनकी सभी ने सराहना की। तथा केंद्र के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। वीरा मंजूलता भंडारी को उनके उत्कृष्ट कार्यकाल एवं प्रभावशाली नेतृत्व के आधार पर चौथी बार केंद्र चेयरपर्सन के रूप में चुना गया। इसके पश्चात वीरा मंजूलता जी ने नई कार्यकारिणी का गठन किया जिसमे सचिव – वीरा शांति मुणोत (दूसरी बार नियुक्त), कोषाध्यक्ष – वीरा अंजु सिंगल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष – वीरा सरिता मौर, सह-मंत्री – वीरा सरिता अग्रवाल जोन चेयरमैन वीर विजय चोरडिया द्वारा सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

# भीलवाड़ा संभाग

## महावीर इंटरनेशनल कनक केंद्र
## द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल कनक केंद्र** का द्विवार्षिक अधिवेशन 9 सितम्बर को गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महावीर वंदना से की गई, जिसमें संस्था की अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना, जोन चेयरपर्सन वीरा मंजू खटवड़, सह निदेशक वीरा एकता ओस्तवाल एवं संरक्षक वीर गौतम दुगड़ की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में वर्तमान चेयरपर्सन दीपा सिसोदिया ने सभी



द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन

अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था द्वारा गत दो वर्षों में किए गए सेवा कार्यों की सराहना की और सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। सचिव वीरा सुमन दुगड़ ने वर्ष 2023-25 की गतिविधि एवं प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए किए गए समाजोपयोगी कार्यों का विवरण साझा किया। कोषाध्यक्ष वीरा रविता जैन ने संस्था की आय-व्यय विवरणिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम का कुशल संचालन वीर गौतम दुगड़ द्वारा किया गया। वीरा मंजू पोखरना ने वर्ष 2025-27 के लिए सुमन दुगड़ को नवमनोनीत अध्यक्ष घोषित किया। नवमनोनीत चेयरपर्सन वीरा सुमन दुगड़ ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए निम्नलिखित पदाधिकारियों की नियुक्ति की: सुमन हिंगड़ एवं रविता जैन - उपाध्यक्ष, रजनी सिंघवी - सचिव, शिल्पा चौधरी - कोषाध्यक्ष साथ ही, उन्होंने यह भी घोषणा की कि केबिनेट एवं डायरेक्टर के रिक्त पदों की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। अधिवेशन में केंद्र की सदस्याएं वीरा अंजलि हिम्मतरामका, वीरा रीना नुवाल, वीरा स्वीटी नैनावटी, वीरा चांदनी रांका, वीरा पूनम कोठारी, वीरा चंदा बाबेल, वीरा दिव्या बोरदिया, वीरा नीलम कोठारी, वीरा सोनिका मेहता, वीरा सुमन बनवट सहित बड़ी संख्या में सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र, भीलवाड़ा
## विभिन्न सेवागतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र,** भीलवाड़ा द्वारा 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर अहिल्याबाई पार्क में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना एवं गरिमा प्रोजेक्ट डायरेक्टर वीरा अर्चना सोनी ने की। समारोह में शिक्षिकाएँ—कांता हेड़ा, रेखा काबरा, अनिता माहेश्वरी, आशा पारीक एवं उमा दुगड़ को सम्मान-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को सदाचार, अनुशासन एवं समर्पण का संदेश दिया। 12 सितम्बर को "झिझक छोड़ो, छुपी तोड़ो, खुलकर बोलो" के अंतर्गत कावा खेड़ा क्षेत्र में महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना एवं गरिमा प्रोजेक्ट डायरेक्टर वीरा अर्चना सोनी के सान्निध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की उपाध्यक्ष वीरा विमला रांका ने महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन के उपयोग एवं उनकी स्वच्छता संबंधी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों को भी इसकी जानकारी दें और स्वच्छता के महत्व को समझें। 10 सितम्बर को वीरा अंकिता मयंक कोठारी के सहयोग से आगन बाड़ी केंद्र में नामांकित 11 गर्भवती महिलाओं कों पौष्टिक आहार (बादाम दलिया, गुड़, गोला, मूंग दाल, मुरमुरे, भुंगड़े, बिस्किट, एपल) दिया गया। इन अवसरों पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा मंजू बापना, सचिव वीरा कला कुदाल, वीरा विमला रांका, वीरा शकुंतला बोहरा, वीरा निशा सोनी, वीरा नीलू वागरानी, वीरा लीला राठी, वीरा उषा अग्रवाल आदि वीरा सदस्याओं की उपस्थिति रही।



सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

## महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र भीलवाड़ा
## द्विवार्षिक बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र भीलवाड़ा** की 13 सितंबर को द्विवार्षिक बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह श्रद्धा एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महावीर प्रार्थना से की गई।



**द्विवार्षिक बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन**

इस अवसर पर संस्था की अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना, जोन चेयरपर्सन वीरा मंजू खटवड़, एपेक्स ट्रस्टी वीरा बलवीर चोरड़िया, केंद्र संरक्षक वीरा प्रतिभा मेहता एवं वीरा संध्या आगीवाल, तथा प्रेगनेंसी टू इन्फैंसी की डायरेक्टर वीरा विजया बंब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। केंद्र की निवर्तमान चेयरपर्सन वीरा सुशीला कोठारी ने सभी पदाधिकारियों एवं अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए बीते दो वर्षों (2023–2025) में केंद्र द्वारा किए गए सेवा कार्यों की जानकारी दी तथा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। केंद्र की सचिव वीरा ललिता जैन ने वर्ष 2023 से 2025 तक की सेवा गतिविधियों की रिपोर्ट व लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। नवगठित कार्यकारिणी में वीरा हंसा छाजेड़ को अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया गया। उन्होंने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए वीरा सुमित्रा बुरड़ को सचिव, वीरा चंचल गोयल को कोषाध्यक्ष, वीरा ललिता जैन एवं वीरा सुशीला लोढ़ा को उपाध्यक्ष तथा वीरा सरिता जैन को सह सचिव नियुक्त किया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाने का कार्य जोन चेयरपर्सन वीरा मंजू खटवड़ द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर केंद्र की पूर्व चेयरपर्सन वीरा मंजू डांगी, वीरा सुशीला आंचलिया, वीरा रेखा महेश्वरी, वीरा चंदा बोहरा, वीरा चंचल बुलिया, वीरा वीणा अग्रवाल, वीरा श्वेता महेश्वरी, वीरा मनीषा अजमेरा, वीरा स्नेहलता पोखरना, वीरा मंजू संचेती, वीरा राजेश्वरी बाबेल एवं वीरा अनामिका अग्रवाल सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## महावीर इंटरनेशनल क्वींस केंद्र भीलवाड़ा
## कपड़े के थैलों का वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल क्वींस केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा "मेरी थैली मेरी सहेली" थीम के अंतर्गत विश्व पर्यावरण सप्ताह पर कपड़े के थैलों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना व केंद्र संरक्षिका वीरा साधना भंडारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में आमजन को प्लास्टिक और ई-कचरे के उचित निपटान के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित बहनों ने नागरिकों को दुकानों व भोजनालयों में कपड़े के थैलों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में वीरा नीता जैन, वीरा पिंकी सोनी, वीरा सुमता जैन, वीरा पूजा जैन, वीरा रोनिका कोरानी, वीरा तरुणा घीया, वीरा हेमा पीपाड़ा, वीरा मंजू अग्रवाल, वीरा अंजू भंडारी, वीरा सुनीता शर्मा, वीरा पदमा जोशी, वीरा चारवी घीया व वीरा चांदनी वैष्णव का सहयोग रहा। कोषाध्यक्ष वीरा रानी बंब ने सभी का आभार व्यक्त किया। इसी क्रम



**कपड़े के थैलों का वितरण कार्यक्रम**

में, केंद्र द्वारा सेठ मुरलीधर मानसिंहका कन्या विद्यालय में एक वाटर कूलर स्थापित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रानी तंबोली एवं विद्यालय समिति के सावलकुमार ओझा सहित अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना, वीरा बलवीर चोरड़िया, वीरा मंजू खटवड़, वीरा साधना भंडारी, वीरा करणसिंह भंडारी सहित अनेक वीरा सदस्यों की उपस्थिति रही। केंद्र संरक्षिका वीरा साधना भंडारी ने बताया कि यह सेवा कार्य उन्होंने अपने धर्म सहायक स्व. धनवीर सिंह की स्मृति में किया। कार्यक्रम में वीरा दीपिका पाटनी, वीरा पिंकी सोनी, वीरा मोनिका खारीवाल, वीरा वंदना पालीवाल, वीरा प्रीति सिंगावत, वीरा अंकिता सहलोत, वीरा सुनीता चैचाणी, वीरा मैना सिसोदिया, वीरा मधु सिसोदिया, वीरा मीना भंडारी, वीरा प्रिया ओस्तवाल, वीरा दीक्षिता जैन सहित अनेक बहनें उपस्थित रहीं।

## बिजयनगर-ब्यावर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल ब्यावर केंद्र जीव दया कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल ब्यावर केंद्र** के तत्वावधान में 7 सितंबर को भामाशाह श्री मनोज जी जैन ठोलिया द्वारा जैन मंदिर बलाड मे जीव दया क्षेत्र में कबूतरो के लिए 100 किलोग्राम मक्की डाली गई। उक्त कार्यक्रम में वीर सुनील सकलेचा, वीर नरेश कृपलानी, वीर किशन हेडा, वीर मनोज शारडा, वीर ज्ञान सेठिया, वीर वीरेंद्र मेडतवाल व चेयरमैन वीर डॉ तारेश जैन उपस्थित रहे।




जीव दया कार्यक्रम का आयोजन

### महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर केंद्र क्षमापना समारोह का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर केंद्र** के तत्वावधान में क्षमापना समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के वीर एवं वीरा सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष वीर अशोक पालडेचा ने कहा कि क्षमा मांगना और क्षमा करना जीवन का सबसे बड़ा सदगुण है। क्षमापना से रिश्तों में नई ऊर्जा आती है और समाज में आपसी सद्भाव व भाईचारा प्रगाढ़ होता है। केंद्र उपाध्यक्ष वीर दिलीप भंडारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महावीर इंटरनेशनल का मूल उद्देश्य "सबको प्यार और सबकी सेवा" है और क्षमापना का पर्व इस संदेश को और सशक्त करता है। उपाध्यक्ष वीर पंकज सकलेचा के अनुसार सभी ने सामूहिक रूप से मिच्छामि दुक्कड़म् उच्चारण कर एक-दूसरे से क्षमा याचना की। कार्यक्रम में पंकज सकलेचा, दीपशिखा सकलेचा, नवीन खटोड़, मोहित कांठेड़ आदि तपस्वियों का अभिनंदन भी किया गया। अंत में केंद्र की ओर से उपस्थित सभी सदस्यों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अभिषेक नाहटा, रूपेश कोठारी, योगेंद्र मेहता, पुष्पेन्द्र चौधरी, दिलीप दक, अशोक कोठारी, राहुल बाबेल, आशीष कोठारी, राजेन्द्र मुणोत, प्रदीप सांड, प्रदीप मकाना, मनोज रांका, गौतम रांका, विमल खींचा, शालिन मेहता, सुरेन्द्र रांका, महावीर नाहर, कमलेश कटारिया, बाबुलाल आच्छा, सुरेन्द्र सुराणा, दीपक बाबेल, राजेश सुराणा, आदिश्वर संचेती, कान्ता पालडेचा, पुजा कोठारी, वसन्ता भण्डारी, दीपशिखा सखलेचा, प्रियंका खटोड़, सरिता बाबेल, चांदनी बाबेल, निकिता कोठारी, रेखा नाहटा, विजयलक्ष्मी दक, नीता दक, संगीता कटारिया, सुरभि संचेती, हर्षिता चौधरी, पुनम मकाणा, टीना रांका, पायल रांका, सुशीला सुराणा, रेखा सुराणा, रेणु सांड, रुपा कोठारी, लाडरानी खींचा, रुपा मुणोत आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## चित्तौड़गढ़ संभाग

### महावीर इंटरनेशनल भदेसर केंद्र निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल भदेसर केंद्र** एवं आयुर्वेदिक औषधालय भदेसर के संयुक्त



निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

तत्वावधान में दो दिवसीय विशाल निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन राजमहल परिसर, रावला चौक में किया गया। शिविर में सैकड़ों की संख्या में रोगियों ने पहुंचकर निशुल्क परामर्श एवं औषधियां प्राप्त कीं। शिविर में शिविर प्रभारी सरिता मीना, डॉ. वीरेंद्र सिंह हाड़ा, डॉ. शैलबाला मेहर, डॉ. पूजा शाक्यवाल एवं डॉ. अखिलेश यादव द्वारा रोगियों की जांच की गई तथा आवश्यक परामर्श और औषधियां वितरित की गई। चिकित्सकों के साथ-साथ नर्सिंग स्टाफ में अनीता कंवर, कृष्णकांत, दीपमाला, लोकेश कुमार, बसंती देवी, सीमा श्रीवास्तव, अंबालाल, प्रकाश चंद्र, कविता कुमारी एवं संतरा कुमारी ने भी सेवाएं प्रदान कीं। केंद्र की ओर से चेयरमैन

वीर महेश आचार्य, सचिव वीर उदय सिंह भाटी, पूर्व चेयरमैन वीर रमेश बसेर, कोषाध्यक्ष वीर संजय जैन एवं वीर विमल जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर के दौरान रोगियों का प्राथमिक उपचार शिविर स्थल पर ही किया गया एवं आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया गया। शिविर में भदेसर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। इस ब्लॉक स्तरीय शिविर का निरीक्षण आयुर्वेद विभाग चित्तौड़गढ़ के उपनिदेशक तरुण कुमार प्रमाणिक, डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं डॉ. अनिल कुमार सिसोदिया द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

### महावीर इंटरनेशनल देशना वीरा केंद्र, चित्तौड़गढ़
### वॉटर डिस्पेंसर भेंट कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल देशना वीरा केंद्र, चित्तौड़गढ़** द्वारा 1 सितंबर को सांवरिया महिला एवं बाल चिकित्सालय के आंचल मदर मिल्क बैंक में वॉटर डिस्पेंसर भेंट किया गया। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर वीरा स्वाति छाजेड़, केंद्र चेयरपर्सन वीरा सुनीता सिसोदिया, कोषाध्यक्ष वीरा रेखा डांगी, पूर्व चेयरपर्सन वीरा विमल सेठिया, वीरा कल्पना मेहता एवं वीरा रितु सेठिया उपस्थित रहीं। आंचल मदर मिल्क बैंक की ओर से एचओडी डॉ. जय सिंह मीणा, मैनेजर श्रीमती पूजा दायमा, सरिता चौधरी, हेमलता राजावत, शकुंतला बेरवा एवं रतन कुमारी जाट ने



वॉटर डिस्पेंसर भेंट कार्यक्रम

अतिथियों का स्वागत किया। इसी क्रम में 9 सितंबर को केंद्र द्वारा आर्य गुरुकुल, चित्तौड़गढ़ में अध्ययनरत कक्षा 8 के छात्र मोनिश गुप्ता को स्कूल फीस हेतु ₹12,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान एक जरूरतमंद महिला को सिलाई मशीन भी भेंट की गई, जिससे वह आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार को आर्थिक सहयोग दे सके। इस अवसर पर पूर्व चेयरपर्सन वीरा विमल सेठिया, वीरा प्रिया दोषी, वीरा रेखा डांगी, वीरा पायल खमेसरा, वीरा मोनिका कांठेड़ तथा आर्य गुरुकुल के आचार्य चंद्रदेव जी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### कपड़े की थैली मेरी सहेली




## रीजन-4

## डूंगरपुर-बांसवाड़ा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर केंद्र दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर केंद्र** द्वारा 19 अगस्त को सत्र 2025–27 के लिए



दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन

द्विवार्षिक चुनाव रोग निदान केंद्र पर संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन एवं पूर्व अध्यक्ष वीर संजय गांधी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। केंद्र चेयरमैन पद के लिए वर्तमान चेयरमैन वीर विजय जैन को निर्विरोध पुनः चुना गया। निदेशक पदों पर वीर रविंद्र जैन, वीर अशोक दोशी, वीर अविचल जैन, वीर नीरव जैन, वीर राजेश डैंडू, वीर जयदीप द्विवेदी, वीर दिनेश नागदा एवं वीर केसु नागदा निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव पूर्व चेयरमैन वीर विजय जैन ने अपने ढाई वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों का विवरण

प्रस्तुत किया। 23 अगस्त को केंद्र द्वारा आयोजित एक दिवसीय अस्थि एवं जोड़ प्रत्यारोपण ओपीडी शिविर में उदयपुर के जीबीएच जनरल एंड कैंसर हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉ. सौरभ अग्रवाल ने सेवाएं दीं। कुल 18 मरीज लाभान्वित हुए, जिनमें 5 घुटना प्रत्यारोपण पश्चात फॉलोअप रोगी थे एवं 3 नए मरीजों को ऑपरेशन की सलाह दी गई। 31 अगस्त को आयोजित दिव्यांग सहायता शिविर में भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति उदयपुर के तकनीकी विशेषज्ञ दुर्गालाल एवं सीताराम द्वारा सेवाएं दी गई। शिविर में 9 दिव्यांग लाभान्वित हुए जिसमे 1 को घुटनों के ऊपर कृत्रिम पैर, 2 को बिलो नी जयपुर फुट, 3 को कैलीपर, 3 को बैसाखी एवं 1 की बैसाखी की मरम्मत की गई। इन अवसरों पर जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन, गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर विनोद दोशी, पूर्व चेयरमैन वीर संजय गांधी, सचिव वीर हेमंत बी. जैन, सह सचिव वीर अविचल कोटड़िया, ट्रस्टी वीर डूंगरजी पटेल, वीर शरत सरैया, वीर भूपेंद्र गांधी, वीर पारस वोरा, वीर नीरव जैन, वीर सुदर्शन वोरा, वीर अभिषेक कोटड़िया, वीर विराग जैन, वीर हर्षवर्धन जैन, वीर अभिषेक कोटड़िया सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल कलिंजरा केंद्र वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल कलिंजरा केंद्र** वीर साथियों द्वारा हरित क्रांति पर पूर्व में रोपित वृक्ष को पोषित एवं नए पौधों का वृक्षारोपण किया गया।



वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

## महावीर इंटरनेशनल नौगामा केंद्र जीवन रक्षक किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नौगामा केंद्र** द्वारा सीनियर माध्यमिक विद्यालय छिच में विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत शुक्ला केंद्र



जीवन रक्षक किट वितरण कार्यक्रम

चेयरमैन वीर सुरेश चंद्र गांधी, वाइस प्रिंसिपल मुकेश सुथार, केंद्र सदस्य वीर जगदीश कटारा के सानिध्य में अपेक्स कार्यालय से प्राप्त जीवन रक्षक किट वितरण किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य को महावीर इंटरनेशनल की ओर से उपरना औढ़ाकर सम्मान किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना "भावना दिन रात मेरी सब सुखी संसार" में के साथ शुभारंभ किया गया। केंद्र चेयरमैन वीर सुरेश चंद्र गांधी ने जीवन रक्षक किट के बारे में बताया व इस अवसर पर 50 वी गोल्डन जुबली पर प्रकाशित महावीर प्रवाह का नवीन अंक स्टाफ के सभी साथियों को प्रदान किया गया। विद्यालय की स्टाफ अंजना कटरा, स्काउट मास्टर महेश लुहार, प्रवीण बंजारा, प्रभु लाल कटारा, संजय नाई, मनोज कुमार, विना त्रिवेदी, नीलम सूरज जोशी आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया कार्यक्रम का संचालन रूपजी जी पटेल द्वारा किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा माहि वीरा केंद्र जीवन रक्षक किट वितरण कार्यक्रम



जीवन रक्षक किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा माहि वीरा केंद्र** द्वारा 13 अगस्त को रघावा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हर घर तिरंगा रैली निकालकर सन्देश दिया 50 स्कूल बैग, झंडे, स्टेशनरी एवं चॉकलेट वितरित किये गए। 18 अगस्त को 118 महिलाओं को आंगनवाड़ी पर स्वास्थ्य व स्वछता की जानकारी दी साथ ही साड़ियां व सेनेटरी नैपकिन भी बांटे गए।

## राजसमंद संभाग

### महावीर इंटरनेशनल दरीबा केंद्र शीतल जल व ठंडे पेय (फ्रूटी व जलजीरा) का वितरण

**महावीर इंटरनेशनल दरीबा केंद्र** द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दरीबा गांव में आयोजित



पथ संचलन के दौरान पुष्प वर्षा की गई एवं पथ संचलन के पश्चात शीतल जल व ठंडे पेय (फ्रूटी व जलजीरा) का वितरण किया गया। पथ संचलन के उपरांत संघ के राजसमंद जिला प्रचारक शिवजी भाईसाहब द्वारा स्वयंसेवकों को संबोधित किया गया, जिसमें उन्होंने पंच परिवर्तन, नागरिक कर्तव्य व सेवा कार्यों को प्राथमिकता देने की प्रेरणा दी। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, सिंगल यूज़ प्लास्टिक से बचाव, परिवार के साथ सामूहिक समय बिताने एवं सायंकालीन भोजन एक साथ करने की अपील की। इस सेवा कार्य में संभागीय सचिव वीर निर्मल सिंघवी, केंद्र चेयरमैन वीर प्रकाश सिंयाल, वीर राहुल राजपुरोहित, वीर शौकीन बाबेल, वीर आकाश जैन, वीर ज्येष गोखरू, वीर राजेंद्र वैष्णव, वीर मुकेश वैष्णव, वीर टोनी वैष्णव वीर अंकित अग्रवाल, वीर लक्ष्मीनारायण, वीर चिराग विजयवर्गीय एवं वीर तोषनीवाल सहित कई सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## उदयपुर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र विभिन्न सेवागतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र** द्वारा जुलाई माह में आरएनटी कॉलेज में महिला एवं शिशु देखभाल कल्याण सेवाओं के अंतर्गत 31 गतिविधि के माध्यम से 450 महिलाएं लाभान्वित हुई। प्रेगनेंसी टू इनफैन्सी के दौरान 144 गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हुई। केंद्र द्वारा 323 बेबी किट का वितरण किया गया। जागरूकता अभियान के अंतर्गत मदर मिल्क सेण्टर में 84 महिलाएं लाभान्वित हुई। मासिक बैठक एवं अम्बामाता स्किम में 250 जीवन रक्षक किट प्रदान किये गए। सर्वऋतु विलास पार्क में 50 पौधे रोपित किये गए। मासिक बैठक में 52 कपड़े की थैलियों का वितरण किया गया। केंद्र द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 48 लोगो की नेत्र जांच की गयी। विज्ञान समिति में आयोजित चिकित्सकीय जांच एवं परामर्श शिविर में 224 मरीज व एक्यूप्रेशर शिविर में 227 मरीज लाभान्वित हुए। अहिंसा पुरी में आयोजित फिजियोथेरेपी सेन्टर में 527 मरीज़ लाभान्वित हुए। केंद्र द्वारा 8 यूनिट रक्त उपलब्ध कराया गया। 10 जुलाई को सम्बल परियोजना के तहत 6 राशन किट वितरित किये गए व मानव सेवा समिति में 674 लोगो को खाना खिलाया गया। केंद्र द्वारा वृज रिसोर्ट एवं रेस्टोरेंट में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे 115 सदस्य उपस्थित हुए। स्थायी सेवाओं के अंतर्गत बॉयज हॉस्टल में पेयजल उपलब्धता हेतु 500 लीटर प्रतिघंटा की क्षमता का आर.ओ. का संचालन हो रहा है। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय, फतहसागर पाल एवं बाल चिकित्सालय में स्थायी जल मन्दिर (प्याऊ) का संचालन हो रहा है। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय के जनाना वार्ड में जरूरतमंदों को इस माह वितरित सामग्री में 127 पेटीकोट, 120 बाऊल, 171 कटोरी, 176 गिलास, 174 चम्मच, 68 पलाडी, 65 ड्रेस, 9 किग्रा सत्तू, 2 साडी, 17 ऊनि कम्बल, 20 बच्चो के स्वेटर 581 बिस्किट्स उपलब्ध कराई गयी।




चिकित्सकीय जांच परामर्श शिविर

**महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र** द्वारा अगस्त माह में आरएनटी कॉलेज में महिला एवं शिशु देखभाल कल्याण सेवाओं के अंतर्गत 31 गतिविधि के माध्यम से 335 महिलाएं लाभान्वित हुई। प्रेगनेंसी टू



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

इनफैन्सी के दौरान 156 गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हुई। केंद्र द्वारा 237 बेबी किट का वितरण किया गया। जागरूकता अभियान के अंतर्गत मदर मिल्क सेण्टर में 134 महिलाएं लाभान्वित हुई। पर्युषण पर्व में विभिन्न मंदिरो एवं स्थानको में 2500 जीवन रक्षक किट प्रदान किये गए। मासिक बैठक में 18 कपड़े की थैलियों का वितरण किया गया। केंद्र द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 54 लोगो की नेत्र जांच की गयी। विज्ञान समिति में आयोजित चिकित्सकीय जांच एवं परामर्श शिविर में 272 मरीज व एक्यूप्रेशर शिविर में 212 मरीज लाभान्वित हुए। अहिंसा पुरी में आयोजित फिजियोथेरेपी सेन्टर में 216 मरीज़ लाभान्वित हुए। केंद्र द्वारा 4 यूनिट रक्त उपलब्ध कराया गया। वीर रणजीत सिंह जी सरूपरिया की ओर से श्रीमती पूजा जैन जो की कैंसर रोगी है को केंद्र द्वारा 10,000 की राशि सहायता हेतु प्रदान की गयी। पूर्व सचिव एवं जीसी सदस्य वीर सुशिल सिंघवी के मरणोपरांत केंद्र द्वारा नेत्रदान करवाया गया। 17 अगस्त को सम्बल परियोजना के तहत 6 राशन किट वितरित किये गए व मानव सेवा समिति में 232, अपना घर आश्रम में 72 एवं आशा धाम आश्रम में 300 लोगो को खाना खिलाया गया साथ ही पुरे अगस्त माह आरएनटी हॉस्पिटल में वीर दौलत सिंह भंसाली की ओर से 3000 रोगियों को दलिया का वितरण किया गया। 31 अगस्त को केंद्र द्वारा वासुपूज्य दादावाड़ी में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे 95 सदस्य उपस्थित हुए। स्थायी सेवाओं के अंतर्गत बॉयज हॉस्टल में पेयजल उपलब्धता हेतु 500 लीटर प्रतिघंटा की क्षमता का आर.ओ. का संचालन हो रहा है। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय, फतहसागर पाल एवं बाल चिकित्सालय में स्थायी जल मन्दिर (प्याऊ) का संचालन हो रहा है। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय के जनाना वार्ड में जरूरतमंदों को इस माह वितरित सामग्री में 115 पेटीकोट, 134 बाऊल, 156 कटोरी, 123 गिलास, 133 चम्मच, 40 पलाडी, 67 ड्रेस, 8 किग्रा सत्तू, 2 साडी, 16 बच्चो के स्वेटर एवं मांग के अनुसार धूलि हुई पुरानी साड़ियां व शर्ट, 459 बिस्किट्स उपलब्ध कराई गयी।

### महावीर इंटरनेशनल खेरवाड़ा केंद्र जीवन रक्षक किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल खेरवाड़ा केंद्र** पूर्व चेयरमैन वीर बसंत कोठारी के नेतृत्व में स्थानीय एमबीसी के जवानों को जीवन रक्षक किट निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। केंद्र चेयरमैन वीर मुकेश कलाल ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल अपेक्स जयपुर द्वारा विशेषज्ञ डॉक्टर की निगरानी में अकस्मात हृदयाघात होने के उपरांत अपने जीवन को तत्काल सरवाइव करने के लिए तीन दवाइयों के साथ जीवन रक्षक किट बनाए गए हैं। हृदयाघात का आभास होने पर डॉक्टर की राय पर शीघ्र ही इन दवाइयों का सेवन करने से तात्कालिक सहायता मिल जाती है ताकि थोड़े समय में पेशेंट को आगे ईलाज समय पर मुहैया कराया जा सके। सचिव वीर जितेंद्र जैन ने सभी जवानों से इस किट को हमेशा अपने साथ जेब में रखने का आग्रह किया गया है ताकि आपातकाल में इसका उपयोग किया जा सके।

## रीजन-5

## बीकानेर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केंद्र नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का गठन

**महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केंद्र** द्वारा 15 सितम्बर को सत्र 2025–27 के लिए हुए चुनाव में वीर नरेंद्र सुराणा को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए निर्विरोध चेयरमैन चुना गया। यह चुनाव चुनाव अधिकारी श्री राजेश वैद की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी ने बताया कि चेयरमैन के साथ-साथ छह निदेशकों का भी निर्वाचन निर्विरोध रूप से संपन्न हुआ। इन नवनिर्वाचित निदेशकों में वीर प्रवीण कुमार मित्तल, वीर सुरेश गुप्ता, वीर अजीत मल खजांची, वीर कन्हैयालाल बोथरा, वीर अमित डागा एवं वीर सुरेंद्र जैन शामिल हैं। इस अवसर पर गंगाशहर स्थित डागा गेस्ट

हाउस में एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नवनिर्वाचित चेयरमैन श्री नरेंद्र सुराणा ने अपने संबोधन में पूर्व कार्यकाल के दौरान संस्था द्वारा किए गए सेवा कार्यों का उल्लेख किया। बैठक में केंद्र के सचिव वीर संतोष बांठिया ने बीते सत्र की गतिविधियों और सेवा कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया तथा कार्य संचालन में मिले सहयोग के लिए सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ सदस्यगण वीर चम्पालाल डागा, वीर डॉ. धर्मचंद जैन, वीर बच्छराज कोठारी, वीर जयचंदलाल डागा, वीर सुमतीलाल बांठिया, वीर डॉ. जे.एस. मेहता, वीर कन्हैयालाल बोथरा, वीर धर्मचंद सेठिया, वीर सुरेश गुप्ता, वीर जयचंदलाल दफ्तरी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सचिव वीर संतोष बांठिया ने शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के संचालन हेतु चुनाव अधिकारी श्री राजेश वैद का विशेष आभार व्यक्त किया।

## महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र 28 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र** द्वारा अगस्त माह में संचालित फिजियोथेरेपी सेंटर, होमियोपेथी व मनोपरामर्श, नेत्र जांच एवं एम्बुलेंस में बीपीएल एवं निशक्त जनो को निःशुल्क सेवा प्रदान की गई। शिविर में फिजिओथेरपी - 1030, एम्बुलेंस - 15, ऑक्सीजन - 1 व निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 365 लाभान्वित हुए। 17 अगस्त को 28वां स्थापना दिवस कार्यक्रम केंद्र



28वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन



चेयरमैन वीर सुरेंद्रकुमार हीरावत की अध्यक्षता में पारख भवन, नोखा में आयोजित किया गया। चेयरमैन वीर सुरेंद्रकुमार हीरावत ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए अपने दो वर्षीय कार्यकाल का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. सत्यनारायण राजपुरोहित एवं वीर अशोक कुमार बैद को संस्था का नया सदस्य बनाया गया। उन्हें अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल कुमार बांठिया द्वारा सदस्यता की शपथ दिलाई गई, तथा संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुंदरलाल सुराणा, ईश्वरचंद दूगड़ एवं अपेक्स ट्रस्टी वीर किशनलाल कांकरिया ने उन्हें पिन लगाकर एवं प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर केंद्र को सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों श्री मांगीलाल संचेती, डॉ. सुंदरलाल सुराणा, श्री सुरेशकुमार भूरा, डॉ. श्यामसुंदर–सुषमा बजाज, देवकिशन राठी, कैलाशचंद्र झंवर, अनवर अली निर्बाण, प्रकाशचंद मंत्री, लक्ष्मीनारायण तापड़िया आदि को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार, केंद्र के सक्रिय सदस्यगण वीर सीए पंकज चांडक, वीर अनिल जैन एवं वीर भंवरलाल बुच्चा को सेवा सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में पूर्व संसदीय सचिव श्री कन्हैयालाल झंवर, पूर्व प्रधान श्री कन्हैयालाल सियाग, गवर्निंग काउंसिल मेंबर वीर संतोषकुमार बांठिया, वीर निर्मलकुमार गोलछा, वीरा केंद्र चेयरपर्सन वीरा मंजू बैद, यूथ केंद्र चेयरमैन वीर विनोद जैन, वीर आनंदीलाल बजाज, वीर ईश्वरचंद बैद, वीर मोतीलाल डागा, वीर किशनलाल संचेती, वीर सुंदरलाल सेठिया, वीर चेतनराम गोदारा, वीर मूलचंद तावनिया, गंगाशहर केंद्र चेयरमैन वीर टोडरमल चोपड़ा, सचिव वीर चंद्रप्रकाश राखेचा सहित नोखा के तीनों केंद्रों के पदाधिकारीगण, सदस्यगण एवं कस्बे के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र विभिन्न सेवागतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र** द्वारा पुराने अखबारो को एकत्रित करने के अभियान के अंतर्गत 1064 किलो गते, अखबार व कॉपी एकत्रित किए गए। राठी

स्कूल में मिट्टी दान कार्यक्रम के अंतर्गत 21000 रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। 24 अगस्त को ब्रह्माकुमारीज द्वारा राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की



रक्तदान शिविर एवं पुराने अखबार व कॉपी एकत्रण आयोजन

18वीं पुण्य तिथि पर केंद्र के सहयोग प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सूरतगढ़ में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें मैत्री ब्लड सेंटर, सूरतगढ़ की मोबाईल टीम के बृजेंद्र बिश्नोई व उनकी टीम द्वारा द्वारा 96 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहनस्वरूप प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। 25 अगस्त को 'एक दिन बेटियों के नाम' कार्यक्रम वसुंधरा हॉस्पिटल में आयोजित किया गया, जिसमें बेटियों के सम्मान में चित्रकला प्रतियोगिता एवं अन्य आयोजन हुए। कार्यक्रम में लगभग 120 बालिकाओं ने भाग लिया। आयोजन वसुंधरा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. इन्द्र चुघ की पुत्री वसुंधरा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया गया। केंद्र द्वारा धनसंग्रह के लिए बाबा रामदेव जी के मेले पर लॉटरी की स्टाल लगाई गई जिसमे लकी ड्रॉ धनतेरस के दिन निकाला जाएगा। 5 सितम्बर को उप जिला चिकित्सालय में 200 हाइजेनिक बेबी किट प्रदान की गई। व केंद्र के अगले सत्र के लिए चुनाव आयोजित किये गए जिसमे चेयरमैन की पद पर वीर सत्यनारायण झंवर को मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित चेयरमैन वीर सत्यनारायण झंवर ने कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें वीर रमेश कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष, वीर रामपाल रोकना को सचिव, वीर चन्द्र सिंह चौधरी को कोषाध्यक्ष, वीर विवेक सैनी को सह-सचिव, वीर अनिल कुमार वर्मा को धनसंग्रह अधिकारी व वीर पूर्ण राम वर्मा को जनसम्पर्क अधिकारी नियुक्त किया गया एवं कार्यकारिणी सदस्यों में वीर सुरेश सिडाना, वीर संजय कुमार बैद, वीर विनोद जाखड़, वीर बाबु खान, वीर नत्थू राम कलवासिया, वीर दिलीप मिश्रा को शामिल किया गया। तथा केंद्र द्वारा अंडर 14 वर्षीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई।



रक्तदान शिविर एवं पुराने अखबार व कॉपी एकत्रण आयोजन

## महावीर इंटरनेशनल यूथ केंद्र नोखा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का गठन

**महावीर इंटरनेशनल यूथ केंद्र नोखा** के सत्र 2025–27 के लिए चेयरमैन पद के चुनाव केंद्र भवन में सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी वीर राजेन्द्रसिंह राठौड़ (रीजनल सचिव) एवं वीर बाबूलाल कांकरिया (वीर केंद्र सचिव) की देखरेख में सम्पन्न हुई। चुनाव में वीर विनोद जैन (सेठिया) को सर्वसम्मति से पुनः चेयरमैन निर्वाचित किया गया। उन्होंने एक बार फिर दायित्व सौंपे जाने पर सभी यूथ सदस्यों का आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने दीपक जोशी को सचिव एवं अजय लोढ़ा को कोषाध्यक्ष पद पर पुनः नियुक्त करते हुए शेष कार्यकारिणी को भी यथावत रखने की घोषणा की। सभी उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रीजनल सचिव वीर राजेन्द्रसिंह राठौड़, वीर ईश्वरचंद दूगड़ एवं वीर बाबूलाल कांकरिया ने माल्यार्पण कर नवगठित कार्यकारिणी को बधाई दी।

## महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र बीकानेर पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम



पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र बीकानेर** द्वारा "अपना घर आश्रम" में एक विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वीरा सीमा सिपानी ने अपने ससुर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रभुजनों को दूध सेवा प्रदान की। इस अवसर पर वीरा मिथिला भूरा एवं वीरा रितु गोड़ की उपस्थिति में 125 प्रभुजनों को 26 किलोग्राम दूध वितरित किया गया। इसी क्रम में केंद्र द्वारा 18 अगस्त को प्रेगनेंसी टू इन्फैंसी कार्यक्रम के अंतर्गत गंगाशहर आंगनबाड़ी केंद्र में चार गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार किट वितरित की गई। इनमें गुंजन जी को पोस्ट प्रेगनेंसी किट, तथा दीपिका, मीना और सरस्वती को प्रेगनेंसी किट प्रदान की गई। कार्यक्रम में वीरा मिथिला भूरा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा जी ने महिलाओं को पोषण आहार की महत्ता के बारे में जागरूक किया। इसके अतिरिक्त 8 सितंबर को श्राद्ध पक्ष के प्रथम दिन नंदी गौशाला में गायों को ग्वार खिलाने का सेवा कार्य संपन्न हुआ। यह आयोजन केंद्र सचिव मनीषा डागा और कोषाध्यक्ष मिथिला भूरा के नेतृत्व में तथा वीरा मीरा बांठिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र, हनुमानगढ़
## सम्मान समारोह का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र,** हनुमानगढ़ द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नन्हे पंछी फाउंडेशन के उन



**सम्मान समारोह का आयोजन**

शिक्षकों को सम्मानित किया गया जो नि:स्वार्थ भाव से वंचित व जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। समारोह में वीरा केंद्र चेयरपर्सन वीरा कंचन गुप्ता, प्रोजेक्ट इंचार्ज वीरा पायल छाबड़ा सहित संस्था की अन्य सदस्याएं तथा वीर केंद्र चेयरमैन वीर गौरव जैन व वीर दीपक जैन उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षकों की सराहना करते हुए मंच पर सम्मान पत्र और प्रतीक चिह्न प्रदान किए। सम्मानित शिक्षकों में वीना गर्ग, सोनम सिंगला, रीटा सारडा, माया वर्मा, अलीशा, महिमा अग्रवाल, रिया खदरिया, अक्षित जुनेजा, मुकेश सहित अन्य सक्रिय शिक्षक शामिल रहे।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा केन्द्र नोखा
## अलमारी तथा फल भेंट कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वीरा केन्द्र नोखा** द्वारा सितंबर माह के प्रोजेक्ट में संस्कृत वैदिक गुरुकुल में ग्रंथालय हेतु अलमारी तथा विद्यार्थियों को फल भेंट किए। संरक्षिका वीरा उर्मिला तापडीया ने विद्यार्थियों से उत्साहपूर्ण वैदिक पाठ्यक्रम को पढने को कहा। केंद्र चेयरपर्सन वीरा



**अलमारी तथा फल भेंट कार्यक्रम**

मंजू बैद ने बताया जीवन में ग्रंथों का स्थान गुरु के समान है – वे न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि चरित्र निर्माण, सही मार्गदर्शन और कठिन समय में विश्वास भी देते हैं; इसलिए, ग्रंथों को सम्मान देना और उनसे प्राप्त शिक्षाओं को जीवन में उतारना चाहिए। संस्कृत गुरुजी भेरुलाल शर्मा वीरा केन्द्र की सहभागिता और सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। इस सेवा कार्य मे वीरा सीमा मिश्रा, वीरा सुन्दर डागा, वीरा सरला अग्रवाल, वीरा सुनिता खिचड़, एडवोकेट वीरा रचना व्यास, वीरा अन्जु हिरावल, वीरा बबीता डागा, वीरा प्रिया राठी, वीरा प्रिति मरोठी, वीरा सन्जु सोनी, वीरा मैना तापडिया उपस्थित रहे। सचिव वीरा सन्जु चांडक ने सभी का आभार ज्ञापित किया।



# जोधपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल ब्लू सिटी केंद्र सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल ब्लू सिटी केंद्र** एवं ताराबाई देसाई चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 20 अगस्त को तथा नेत्र



सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

चिकित्सा शिविर का आयोजन राजकीय चिकित्सालय रातानाडा में आयोजित किया गया। 23 मरीज के आंखों के जांच कर उन्हें निशुल्क दवाई दी गई उनमें से तीन मरीज का लैंस प्रत्यारोपण ताराबाई देसाई अस्पताल में डॉ संजय देसाई, डॉ राजेश देसाई तथा डॉक्टर दिव्यांशी देसाई के द्वारा लेंस लगाया गया। इस अवसर पर वीरा सुधा गर्ग, वीरा गीता जोशी तथा वीरा कौशल्या व्यास की सेवाओं का सहयोग रहा। केंद्र द्वारा गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत अपैक्स से प्राप्त सेनेटरी नैपकिन का वितरण सेवा कुंज बालिका छात्रावास में 45 बालिकाओं और 5 स्टाफ महिलाओं को भेजें गये।

## महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र जोधपुर विभिन्न सेवागतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र जोधपुर** द्वारा अगस्त माह के अंतर्गत वीरा माया भंसाली के सौजन्य से बाल बसेरा सेवा संस्थान में बच्चों के लिए ₹5000 की सहयोग राशि दी गई। वीर जोशना भंडारी द्वारा आज दादा -दादी वृद्धाश्रम में एक पीपा तेल, 2 किलो घी, 5 किलो सर्फ पाउडर, 5 किलो आटा और केले भिजवाए गए। वीरा नीलम मेहता द्वारा शिक्षा के तहत बच्चों को फीस दी गई। 25 अगस्त को सचिव वीरा आशा जैन ने उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में शिक्षा हेतु ₹21000 दिए। उनके द्वारा दो बच्चों की फ़ीस दी गई। वीरा अनिता मेहता



जीवन रक्षक किट एवं राशन सामग्री वितरण कार्यक्रम




द्वारा अनंत चतुर्दशी के उपलक्ष में श्री नाकोड़ा भैरव गौशाला में गायों को लड्डू व गुड खिलाया गया। वीरा लीला लोहिया द्वारा होम्योपैथिक संस्थान में ₹2000 की आर्थिक सहायता दी गई। श्री कृष्ण गोपाल गौ सेवा समिति में गायों की चिकित्सा हेतु ₹5000 दिए गए। वीरा शांता मेहता द्वारा विद्या वैली स्कूल के दसवीं के एक छात्र जिसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, उस विद्यार्थी को ₹17000 की फीस जमा करवाई गई। 11 सितम्बर को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान *डायट* जोधपुर में diploma in elementary education के विद्यार्थियों के विदाई समारोह एवं प्रथम वर्ष के शुभ आगमन पर स्वागत पार्टी का आयोजन किया गया। वहां पर छात्रों को जोन चेयरपर्सन वीरा वंदना बख्शी की द्वारा द्वितीय वर्ष के सभी छात्रों को 3000 रुपए के पेन वितरित किए गए। वीरा शांता मेहता द्वारा विद्या वैली स्कूल के दसवीं के एक छात्र जिसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, उस विद्यार्थी को ₹17000 की फीस जमा करवाई गई। तथा वीरा अमित जी जैन को दोबारा जोधाबाई जोधपुर केंद्र की चेयरपर्सन निर्विरोध चुना गया।

**Netra Daan, Maha Daan**



## रीजन-6

### बाड़मेर-बालोतरा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल बालोतरा केंद्र निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल बालोतरा केंद्र एवं खूबचंद महावीरचंद डागा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में महावीर डागा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में एक निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अहमदाबाद स्थित स्टर्लिंग हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुल 290 मरीजों की जांच की गई एवं उन्हें परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में डॉ. हिमांशु माथुर (एसोसिएट डायरेक्टर – ऑर्थोपेडिक्स एवं ट्रॉमा, स्टर्लिंग हॉस्पिटल) ने हड्डी रोगों की जांच की, जबकि न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ. अंकित प्रजापति ने रीढ़ की बीमारियों से संबंधित मरीजों को परामर्श दिया। इस अवसर पर शिविर प्रभारी महेंद्र चोपड़ा ने स्वागत भाषण, तथा जवेरीलाल मेहता ने आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया। श्री सुरेश गोठी ने बताया कि ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री अशोक कुमार डागा, स्टाफ सदस्यगण एवं महावीर इंटरनेशनल के सदस्यों ने शिविर की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र जैन, उपनिदेशक जवाहरलाल हुंडिया, प्रमिला सालेचा, रमेश त्रिवेदी, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर ओम बांठिया, वीरा केंद्र की चेयरपर्सन वीरा चंद्रा बालड़ सहित अनेक गणमान्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। समापन अवसर पर डॉ. हिमांशु माथुर, डॉ. अंकित प्रजापति एवं ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री शांतिलाल डागा का साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

## रीजन-7

### भोपाल संभाग

### महावीर इंटरनेशनल ग्वालियर केंद्र ध्वजारोहण कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल ग्वालियर केंद्र** द्वारा सामाजिक दायित्वों के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस एवं शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विविध आयोजन किए गए। 15 अगस्त को 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय, दानाओली शिव नगर (पुराना घोसिपुरा रेलवे स्टेशन के पास) में ध्वजारोहण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे हुआ, जिसमें विद्यालय प्राचार्य एवं संस्था सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान की गूंज के साथ कार्यक्रम में देशभक्ति की भावनाओं का संचार हुआ। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, कविताएँ, भाषण और नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर राकेश शिवहरे ने स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्वों की स्मृति का दिन बताया।



ध्वजारोहण कार्यक्रम का भव्य आयोजन



सचिव वीर अमित शिवहरे ने सभी को शुभकामनाएँ दीं तथा विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना की। कार्यक्रम में अजीत संचेती, अनंत संचेती, संजय अग्रवाल, साधना अग्रवाल, संदीप सुराणा, अरुण चौरड़िया, भगवान दास गुप्ता, सुदर्शन जैन सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अंत में मिष्ठान वितरण के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए संस्था की ओर से कपड़े के थैले वितरित किए गए और नागरिकों से प्लास्टिक का प्रयोग न करने का आग्रह किया गया। इसके पश्चात 8 सितंबर को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय माध्यमिक विद्यालय, दानाओली

में शिक्षक सम्मान एवं स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने शिक्षकों को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए नई पीढ़ी को संस्कारित और शिक्षित करने में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु ₹5000 मूल्य की स्टेशनरी सामग्री (कॉपी-किताबें, पेन-पेंसिल आदि) का वितरण किया गया, जो श्रीमती आशा–प्रकाश जी (यूएसए) के सहयोग से संभव हुआ। कार्यक्रम में ट्रस्टी वीर पारसमल पारख, चेयरमैन वीर राकेश शिवहरे, सचिव वीर अमित शिवहरे सहित विद्यालय परिवार, अभिभावक व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## इंदौर-उज्जैन संभाग

### महावीर इंटरनेशनल इंदौर केंद्र बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल इंदौर केंद्र** द्वारा पी सी सेठी अस्पताल, इंदौर में वीरा सुमन गुप्ता के सौजन्य से 40 बेबी किट वितरित किए गए। 17 अगस्त को स्वर्गीय श्री प्रकाश चंद्र जी टोंगिया की स्मृति में वीर प्रदीप टोंगिया एवं परिवार के सौजन्य से नवकार सेवा आश्रम इंदौर को खाद्यान्न पैकेट दिए गए। कार्यक्रमों में वीर प्रदीप टोंगिया, वीरा अनीता टोंगिया, वीरा सुमन गुप्ता, वीर पी सी सेठी व अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित रहे।




बेबी किट वितरण कार्यक्रम

### महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र** द्वारा सेवा कार्यों की श्रृंखला में शिशु संक्रमण से बचाव हेतु बेबी किट वितरण लगातार जारी



बेबी किट वितरण कार्यक्रम

है। केंद्र द्वारा 17 अगस्त को 553वां, 31 अगस्त को 555वां, 7 सितंबर को 556वां तथा 13 सितंबर को 557वां साप्ताहिक बेबी किट वितरण सरकारी चरक अस्पताल, उज्जैन में निर्धन परिवारों में जन्मे शिशुओं को निःशुल्क रूप से किया गया। इन बेबी किट्स के माध्यम से नवजात शिशुओं को संक्रमण से बचाने का प्रयास किया गया। इसी क्रम में महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र द्वारा देवास गेट बस स्टैंड स्थित महावीर भोजनशाला में स्व. श्री समरथ मल जी तलेरा की पुण्य स्मृति में मिष्ठान सहित विशेष भोजन सेवा का आयोजन किया गया। इस सेवा का लाभ श्री प्रेमचंद जी, श्री पारसचंद जी, श्री विमलचंद जी एवं संदेश जी तलेरा परिवार उज्जैन द्वारा लिया गया।

### महावीर इंटरनेशनल उद्धव केंद्र इंदौर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल उद्धव केंद्र इंदौर** द्वारा 14 सितंबर को आयुर्वेदिक ब्रह्मचर्य आश्रम में एक सार्थक वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल



वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

201 पौधे, जिनकी अनुमानित लागत ₹16,650 रही, रोपे गए। पौधों में औषधीय, वन्य, फलदार एवं पुष्पवृक्ष शामिल थे, जिन्हें स्थल की भू-सजावट (लैंडस्केपिंग) के अनुसार व्यवस्थित रूप से लगाया गया।

आश्रम प्रशासन ने यह भी आश्वासन दिया कि सभी पौधों की देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान टीम उद्धव की ओर से श्री मुछाल एवं श्री रूपेश जी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आश्रम द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्प देकर किया गया तथा सभी के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक सदस्य को जैविक सब्जियों के पैकेट भी वितरित किए गए। इस आयोजन में लगभग 15 सदस्य उपस्थित रहे।

## रतलाम-नीमच संभाग

### महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी नीमच वीरा केंद्र
### ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी नीमच वीरा केंद्र** एवं महावीर इंटरनेशनल वीर केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय, टीचर कॉलोनी में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गवर्निंग काउंसिल मेंबर वीर मनोहरलाल जी बंब एवं केंद्र चेयरपर्सन वीरा रेखा अनुराग जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात वीरा रेखा अनुराग जैन ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस एवं राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में जानकारी दी। वीर हरीश उपाध्याय ने विद्यार्थियों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों का स्मरण कराते हुए उन्हें देशभक्ति और अनुशासन का पालन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर



ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन

बच्चों को पाठ्य सामग्री एवं मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन श्री जितेन्द्र सकलेचा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वीर मनोहरलाल बंब, वीरा रेखा अनुराग जैन, वीरा संत्रा विरवाल, वीर जितेन्द्र सकलेचा, वीर रवि विरवाल, वीर अनुराग जैन, वीर सुरेन्द्र बंब, वीर शोभाराम विरवाल सहित विद्यालय का समस्त शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहा।




## रीजन-8

## सेंट्रल महाराष्ट्र संभाग

### महावीर इंटरनेशनल जालना केंद्र
### झंडा पिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल जालना केंद्र** द्वारा 15 अगस्त के अवसर पर स्वतंत्रता दिवस को गौरवपूर्ण ढंग से मनाते हुए तिरंगा झंडा पिन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया





झंडा पिन वितरण कार्यक्रम

गया। इस दौरान मार्ग से गुजरने वाले नागरिकों एवं बच्चों को संस्था सदस्यों द्वारा तिरंगा पिन लगाई गई और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी गई। इस कार्यक्रम में केंद्र चेयरमैन वीर सुगनचंद भंडारी, वाइस चेयरमैन वीर दिनेश बरलोटा, सेक्रेटरी वीर अरुण लाहोटी, कोषाध्यक्ष वीर हरेश भाई केनिया, जॉइंट सेक्रेटरी वीर नरेंद्र अग्रवाल, पी.आर.ओ. वीर मनोज लोणकर, कार्यकारिणी सदस्य वीर अरुण मित्तल,

वीर विरेन्द्र रुणवाल, वीर किशोर गुल्लापेल्ली, वीर मनोज अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। इसी क्रम में संस्था के लिए गर्व का क्षण तब आया जब केंद्र की सदस्या वीरा सौ. डॉ. सोनल जितेन्द्र रुणवाल द्वारा किए गए 31 उपवास (मासखमण) की तपस्या के उपलक्ष्य में उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वीरा पौर्णिमा बरलोटा द्वारा





**झंडा पिन वितरण कार्यक्रम**

डॉ. सोनल रुणवाल का स्वागत किया गया तथा चेयरमैन वीर सुगनचंद भंडारी सहित उप चेयरमैन वीर दिनेश बरलोटा, सेक्रेटरी वीर अरुण लाहोटी, कोषाध्यक्ष वीर हरेश केनिया, पीआरओ वीर मनोज लोणकर, कार्यकारिणी सदस्य वीर अरुण मित्तल, वीर पुरुषोत्तम जयपुरिया, वीर डॉ. गौतम रुणवाल, वीर डॉ. जितेन्द्र रुणवाल, वीर मोहन अग्रवाल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## गुजरात संभाग

### महावीर इंटरनेशनल दृष्टि वीरा केंद्र, सूरत

### मिशन साइबर सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल दृष्टि वीरा केंद्र सूरत** द्वारा 23 अगस्त को "अमृतम् गमय" कार्यक्रम का सफल आयोजन एक्सपेरिमेंटल स्कूल, पारले प्वाइंट, सूरत में संपन्न हुआ। कार्यशाला का संचालन प्रेक्षा ध्यान विशेषज्ञ वीरा अलका सांखला एवं योग तथा नेचुरोपैथी विशेषज्ञ वीरा डॉ. सई अराधये ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिसके पश्चात बच्चों को विभिन्न योग प्रयोग, एनर्जाइज़र अभ्यास एवं जीवन विज्ञान से संबंधित गतिविधियाँ करवाई गईं। लगभग 350 बच्चों ने पूरे उत्साह और जिज्ञासा के साथ कार्यशाला में भाग लिया। कार्यक्रम में एक्सपेरिमेंटल स्कूल के प्राचार्य श्री किशोर जी जानी एवं उनकी टीम ने सक्रिय सहभागिता निभाई। साथ ही महावीर इंटरनेशनल दृष्टि केंद्र की चेयरपर्सन वीरा निशा सेठिया, वाइस चेयरपर्सन वीरा स्मृति जैन एवं वीरा डॉ. फाल्गुनी शाह की विशेष उपस्थिति रही। 13 सितंबर को "अमृतम् गमय" श्रृंखला के अंतर्गत मिशन साइबर सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन पद्मश्री डॉ. कनुभाई टेलर द्वारा संचालित डिसएबल वेलफेयर ट्रस्ट ऑफ इंडिया, सूरत में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. स्नेहिल हेमंतकुमार वकीलना (अंतरराष्ट्रीय साइबर अधिवक्ता, डेटा सुरक्षा विशेषज्ञ एवं





**मिशन साइबर सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन**

SGGCI सलाहकार) ने उपस्थित बच्चों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यशाला में संवादात्मक चर्चा, प्रश्नोत्तर सत्र तथा जिज्ञासाओं का समाधान भी शामिल रहा। डॉ. वकीलना ने फेसबुक, व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम, चैट GPT, घोस्ट GPT, डार्क वेब, फोन मिररिंग, CCTV, एंटीवायरस एप्स, तथा Paytm पेमेंट बैंक की सुरक्षा जैसे विषयों पर सरल एवं सहज भाषा में जानकारी दी। उन्होंने भारत सरकार द्वारा संचालित "संचार साथी" पोर्टल एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के उपयोग की जानकारी भी दी। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन वीरा अलका सांखला ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्न पूछने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथियों में भावना बेन वकीलना, डॉ. फाल्गुनी शाह, चंदू जैन, रूपाली नीलाखे, पंकज सेठिया, सुनील जैन सहित





विद्यालय स्टाफ व शिक्षकों की सक्रिय उपस्थिति रही।

## रीजन-9

## महाकौशल संभाग

### महावीर इंटरनेशनल लामता केंद्र नेत्र जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल लामता केंद्र** द्वारा नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में 34 मरीजों की आंखो में मोतियाबिंद पाया गया जिनको सर्जरी के लिए जबलपुर भेजा गया।



नेत्र जांच शिविरों का आयोजन

## विदर्भ संभाग

### महावीर इंटरनेशनल यवतमाल केंद्र नोटबुक वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल यवतमाल केंद्र** द्वारा 16 अगस्त को स्वर्गीय चंदादेवी सूरजमलजी भंसाली की पुण्य स्मृति में दो सामाजिक उपक्रमों का सफल आयोजन किया गया। पहले कार्यक्रम के अंतर्गत, माननीय श्री रामभाऊजी भंसाली एवं माननीय श्री श्यामभाऊजी भंसाली के सौजन्य से जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क नोटबुक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्व. रामाजी चन्नावार हाई स्कूल, देवराव पाटिल विद्यालय, विवेकानंद छात्रावास, ग्लोरी इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं तेजस्विनी छात्रावास के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक आवश्यकता के अनुसार नोटबुक्स प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र चेयरमैन वीर प्रवीण निमोदिया ने की, जबकि प्रभावशाली संचालन वीरा डॉ. ललिता घोडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना सचिव वीरा शोभाताई दोडेवार ने रखी। इस अवसर पर वीणादेवी दर्डा स्कूल की शिक्षिका रूपा तिवारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। दूसरे उपक्रम के अंतर्गत, वसंतराव नाईक शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय, यवतमाल में भर्ती 600 मरीजों के परिजनों को भोजन वितरित किया गया। इस सेवाभावी कार्य को वीर महावीर भंसाली एवं वीर श्याम भंसाली के सौजन्य से आयोजित किया गया। भोजन वितरण कार्यक्रम की सफलता में केंद्र चेयरमैन वीर प्रवीण निमोदिया, सचिव वीरा शोभाताई दोडेवार, कोषाध्यक्ष डॉ. शेखर बंड, उपाध्यक्ष राजेश भूत, और प्रमुख सदस्यों जैसे वीर राम भंसाली, वीर शरद निमोदिया, वीर रवी निमोदिया, वीर उमेश पोद्दार, वीर मनोज अग्रवाल, वीर महेंद्र बोरा, वीर हर्षल यंबरवार, वीर क्षितिज भंसाली, वीर प्रमोद छाजेड, वीर उमेश बैद, वीर प्रशांत दर्डा आदि का विशेष सहयोग रहा।



नोटबुक वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन

## रीजन-10

## आँध्रप्रदेश-ओडिशा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल (उजाला) विजयनगरम केंद्र बेबी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल (उजाला) विजयनगरम केंद्र** द्वारा 4 जुलाई को डेफ एंड डम गर्ल्स हॉस्टल में 50वीं वर्षगांठ, संस्थापक दिवस मनाया गया जिसमे वीर विनोद डूंगरवाल ने 35 ड्रेस का वितरण



**बेबी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन**

किया। 15 अगस्त को घोष हॉस्पिटल में 40 बेबी किट वितरित किये गए।

### महावीर इंटरनेशनल लेडीज क्लब विशाखापटनम केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल लेडीज क्लब विशाखापटनम केंद्र** द्वारा 7 सितंबर को विशाखापटनम के जलारपेटा में 'आनंदनम' परियोजना शुरू की। सदस्यों की मदद से 200 ज़रूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध



**भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन**

कराया। परियोजना की कुल लागत 20,000 रुपये रही और मवेशियों के चारे के लिए गौशाला को 5100 रुपये भी दान किए।

## तमिलनाडु-केरला संभाग

### महावीर इंटरनेशनल चेन्नई केंद्र निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न भामाशाओं के सहयोग से निम्न स्थानों पर निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में अग्रवाल आई एवं एम एन आई अस्पताल की चिकित्सकिय टीम द्वारा 551 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिनमें से 31 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए जिनका निःशुल्क ऑपरेशन कराने के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। 278 मरीजों की आंखें जांच में कमजोर पाई गई जिनको चश्मे बनाकर दिए जाएंगे। 285 मरीजों की मधुमेह व रक्तचाप की जांच की गयी। व 10 लोगो की फ़िजियोथेर्पी का निरीक्षण किया गया। इस के अलावा नेचुरोपैथी डॉक्टर दीनदयाल जी द्वारा 6 लोगो का निःशुल्क इलाज किया गया। जरुरतमंदो को 5 श्रवण यंत्र, आयुर्वेदिक दवा, 52 आई ड्रॉप्स, सर्वाइकल कालर, गरम पानी की थैली, पैन बाम, पैन स्प्रे, क़मर पट्टा व घुटने के मोजे हाथ के दस्ताने, क्रेप बैंड, बुजुर्गो के लिए सहारे की लाठी दिये गए। इन अवसरों पर वीर निरंजन सोलंकी, वीर आनंद आर्या, वीर कमलेश बाफना, वीर विमलचंद साँखला, वीर अशोक बोहरा, वीर एस बी ज़्वैलरी, वीर राजेंद्र कालाणी, सुनीता दवे, वीर शुभम-धनलक्ष्मी भट्ट, वीरा ललिता दवे, वीरा याशी भट्ट, वीर अशोक बम्बोली, वीर



**निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन**

ललित रांका, वीरा डिम्पल निवेतीया, वीरा सुनीता-सुनील गुलेछा, वीर घेवरचंद नामदेव, वीर प्रवीण छाजेड, वीर सूरज नामदेव, वीर शान्तिलाल गुगलिया, वीर सुमित लोढ़ा, गुणवंती, वीर महेंद्र पगारिया, वीर गणपत कोठारी, वीर महेश खिवसरा, वीर ऋषिक कोठारी, वीर हर्षत, वीरा मोनिका कोठारी सहित कई वीरा वीरा सदस्यों की उपस्थिति रही।

### महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न भामाशाओं के सहयोग से निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में 954 मरीजों की आंखो की जांच की गई जिसमे से 89 मरीजों की आंखो में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। 553 मरीजों को चश्मे बनाकर दिए गए। 426 मरीजों की रक्तचाप व मधुमेह जांच की गई। 156

मरीजों को आंखो की दवाई का वितरण किया गया। व वीर सुरेश सिंघवी द्वारा 20 लोगो ने एक्यूप्रेशर का लाभ लिया। इन अवसरों पर रंजीतमल मरलेचा, ललित मरलेचा, दीपक मरलेचा, नारायण, हरीश, रूपेश जैन, दिलीप मेहता, नरेश खिचा, जबरचंद बम्ब, प्रकाशचंद बम्ब, तेजराज कांठेड़, निर्मल छाजेड़, रूपेश जैन, चैनराज चोरड़िया, महावीर खाबिया, प्रकाश भण्डारी, पुखराज चौधरी, घनश्याम शर्मा, राजुदास, इंद्राबाई वेदमुथा, ललिता बाई




**निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन**

नाहर, प्रकाशचंद बोथरा आदि सदस्यों की उपस्थित रही।

## तेलंगाना संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय केंद्र** द्वारा 24 एवं 31 अगस्त को गांधी अस्पताल एवं कोठी मैटरनिटी हॉस्पिटल में आहार सत्कार, संयोजक एवं दियां सेठिया के सहयोग से 378 लोगों को खुशी-खुशी



**भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन**

भोजन परोसा। इन आयजनो में प्रोजेक्ट संयोजक वीर रोशन जैन, वीर अरिहंत नाहर, वीर मोहित सुराणा, चेयरमैन वीर आयुष कोठारी, सचिव वीरा प्रेरणा जैन, संयुक्त सचिव वीरा तनिषा जैन उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन




**भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन**

**महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र** द्वारा "मुट्ठी भर अनाज" परियोजना एवं 93वां अन्नदानम कार्यक्रम का सफल आयोजन इंटीग्रेटेड वेलफेयर सोसाइटी में संपन्न हुआ। अब तक इस अन्नदानम् सेवा के माध्यम से लगभग 16,615 जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन प्रदान किया जा चुका है। 93वें अन्नदानम कार्यक्रम की अनुमानित लागत ₹4,75,000 रही।

### महावीर इंटरनेशनल ऊर्जा केंद्र

**महावीर इंटरनेशनल ऊर्जा केंद्र** द्वारा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दादावाड़ी जैन श्वेतांबर मंदिर (वृद्धाश्रम) में सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




**खाद्य एवं आवश्यक किराना सामग्री वितरण कार्यक्रम**

सदस्यों द्वारा वृद्धजनों को खाद्य सामग्री एवं आवश्यक किराना वस्तुएं वितरित की गई। सभी सदस्यों ने वृद्धजनों से संवाद किया, उनके जीवन अनुभव सुने और अपनापन भरा समय बिताया, जिससे वातावरण में आत्मीयता और उल्लास भर गया।

## महावीर इंटरनेशनल सिकंदराबाद केंद्र
## वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सिकंदराबाद केंद्र** द्वारा अगस्त माह में प्रोजेक्ट पहल के तहत 1000 से ज़्यादा कपड़ों को अलग किया गया। 15 अगस्त को मेडचल में 100 आम के पेड़ लगाए गए। इसके बाद नाश्ते का आयोजन किया गया। यह आयोजन मेडचल स्थित बद्रुका कॉलेज में हुआ। सक्षम कार्यक्रम के तहत कोम्पल्ली कंप्यूटर क्लास में कुल छात्र-594, छात्र भुगतान ट्यूशन कक्षा में छठी से दसवीं तक -84 छात्र, चेगुंटा कंप्यूटर कक्षा-420 छात्र, नरसिंगी कंप्यूटर कक्षा-394 छात्र एवं पोथ्रेडीपेट कंप्यूटर कक्षा-290 छात्र को प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के अंतर्गत 1.25 लाख के योगदान से दो युवतियों की शिक्षा को सहायता प्रदान की गई।



**वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन**

## महावीर इंटरनेशनल अतुल्यनारी वीरा केंद्र, हैदराबाद
## जीव दया कार्यक्रम का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल अतुल्यनारी वीरा केंद्र, हैदराबाद द्वारा भाग्यनगर गौशाला में जीवदया का एक करुणामय कार्य किया गया। इस अवसर पर गायों को ताज़ी बनी रोटियां और पौष्टिक सब्जिया प्यार से खिलाई गई। यह परियोजना श्री उत्तम चंद जी रांका की स्मृति में श्रीमती उषा देवी जी रांका के उदार योगदान से संभव हुई।



**जीव दया कार्यक्रम का आयोजन**



# महावीर इंटरनेशनल सुर्खियों में

## महावीर इंटरनेशनल केन्द्र नागदा का द्वितीय पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न






## सूरतगढ़ में 'एक दिन बेटियों के नाम' कार्यक्रम, 120 बच्चियों ने लिया भाग

वसुंधरा हॉस्पिटल और महावीर इंटरनेशनल ने पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित की चित्रकला प्रतियोगिता



## ब्लड डोनेशन कैंप में जरूरतमंदों को निशुल्क मिली सिलाई मशीनें



नारनाडी| उमाजी कुम्भट, शायर कंवर, राज, गौतम एवं उमराव चंद कुंभट की स्मृति में शोभा कुम्भट, महावीर इंटरनेशनल जोधपुर एवं राज हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर में सिलाई मशीन वितरित की।

जोधपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव डॉ. राकेश कुमार चौधरी व महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष जगदीश चंद गांधी ने बताया कि चिकित्सा शिविर में 164 मरीजों को निशुल्क परामर्श कर जांचें व दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में चयनित 13 मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। सचिव अरुण कुमार मोहनोत ने बताया कि शिविर में 15 युवाओं ने रक्तदान किया। महावीर इंटरनेशनल जोधपुर संभागीय अध्यक्ष वंदना बक्सी ने बताया कि शिविर में शिविर में रिखब राज भंसाली, रजनी चौधरी, अभिनव कुम्भट, अमित भंडारी, सुरेन्द्र मेहता, डॉ. एनआर भंडारी, डॉ. दीपक पंवार, डॉ. नीलम गुप्ता, योगेंद्र माथुर, मोहनराम आदि ने सहयोग किया।



## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महावीर इन्टरनेशनल का तीसरा निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र शुरु

मकराना (मोहम्मद सलीम)। महावीर इंटरनेशनल के विजयश्री वीरा केन्द्र बोरावड़ द्वारा महिलाओं व युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को शहर के गुजरिया मोहल्ले में तीसरे निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विजयश्री वीरा केन्द्र की चेयरपर्सन मंजूलता भण्डारी सहित वीरा लक्ष्मी सोनी और कंचन भण्डारी ने फीता काटकर की। इस अवसर पर सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र की प्रभारी दीपिका कुमावत का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अध्यक्ष मंजूलता भण्डारी ने बताया कि युवतियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के विशेष सेवा अभियान के तहत इससे पूर्व स्टेशन रोड़ पर अफसाना द्वारा संचालित तथा खाँचीयों के मोहल्ले में सुमन द्वारा संचालित दो निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र पहले से ही सफलतापूर्वक चल रहे हैं। इन्हीं प्रयासों की श्रृंखला में बोरावड़ के गुजरिया मोहल्ले में तीसरे केन्द्र का शुभारम्भ किया गया है। वहीं कार्यक्रम के समापन पर वीरा लक्ष्मी सोनी ने प्रशिक्षिका दीपिका कुमावत व उपस्थित आगन्तुकों का आभार जताया।

## स्वतंत्रता दिवस पर मूक बधिर नेत्रहीन विद्यालय को प्रोजेक्टर भेट



## एमआई द्वारा जीवन रक्षक कीट वितरित



पत्रिका

## स्वतंत्रता दिवस पर छात्रों को दी यूनिफॉर्म



सीएसआई राजगोपाल मिट मिडिल स्कूल में ध्वजारोहण करते हुए।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

चेन्नई. महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नोर्थ टाउन द्वारा महावीरचन्द खींचा के सहयोग से कोडिलोप स्थित सीएसआई राजगोपाल मिट मिडिल स्कूल में ध्वजारोहण कर स्वतन्त्रता दिवस स्वतंत्रता दिवस मनाया। स्कूल के 65 जरूरतमंद बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म दी गई व लड्डू व नमकीन वितरित की। इसके अलावा नोर्थ टाउन मेंटर द्वारा स्कूल के बोर्ड परीक्षा में नब्बे प्रतिशत अंक हासिल करने वाले 16 बच्चों को मोमेंटो से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मेंटर चेयरमैन दिलखुशराज धोका, सचिव रमेश नाहटा, उपसचिव महावीरचन्द सकलेचा, कोषाध्यक्ष पुष्पप्रकाश डोसी, पारस रांका, राजेन्द्र दरडा, भावेश खटोड़, महेश शर्मा, भावना-दिव्या नाहटा व हेमराज कुकुलोल उपस्थित थे।

## अनिल जैन बने महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष

राजस्थान लहर



अजमेर। महावीर इंटरनेशनल अपेक्ष के लिये वीर अनिल जैन पुनः अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए। संभाग के प्रवक्ता कमल गंगवाल ने बताया कि आनलाईन चुनाव में जैन भारी मतों से निर्वाचित घोषित हुए। अपेक्ष के सभी सदस्यों ने जैन के जीतने पर विश्वास जाहिर किया कि उनके कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शिता से इस स्वर्णिम कार्यकाल में महावीर इंटरनेशनल को नई ऊंचाईयां प्रदान करेंगें। जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जैन ने कहा कि आप सभी के सहयोग से मुझे जीत हांसिल हुई। उसके लिये मैं आभार व्यक्त करता हूं तथा विश्वास दिलाता हूं कि पूर्व की भांति और नई उर्जा के साथ आपके विश्वास पर खरा उतरूंगा। अजमेर केन्द्र के वीर पदमचंद जैन,अशोक गोयल,अशोक जैन, इन्दु जैन, प्रभातचंद सेठी, नरेन्द्र रांका, अनिल लोढा,प्रेम कुमार जैन, मनोहरगोपाल ईनाणी,अशोक छाजेड, गजेन्द्र पंचोली,कमल गंगवाल, विजय पांड्या, संजय कुमार जैन,राजकुमार गर्ग आदि ने इस एतिहासिक जीत के लिये बधाई दी।

## महावीर इंटरनेशनल क्लब ने वाटर कूलर भेंट कर किया मानव सेवा कार्य



## 189वां नेत्रदान: गोदावत परिवार का प्रेरणादायी कदम, कराया नेत्रदान

## नेत्रदान से दो नेत्रहीनों को मिलेगी रोशनी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



## विद्या निकेतन विद्यालय में महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा की ओर से बांटे गए जीवन रक्षक किट



RNI No. 8083/2002

नोखा जनपक्ष

"सबकी खबर ले, सबको खबर दे"

Online News

## महावीर इंटरनेशनल के चुनाव संपन्न

अनिल जैन बने अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष, राठौड़ बने गवर्निंग काउंसिल मेंबर



अनिल जैन | राजेन्द्र सिंह राठौड़

केसरी

## महावीर इंटरनॅशनल मेट्रो सिटीच्या नूतन अध्यक्ष ललित गांधी यांचा शपथविधी



## महावीर इंटरनेशनल के सदस्य द्वारा अपना घर आश्रम में आवासियों की अन्न सेवा की गयी



(आधुनिक राजस्थान) अजमेर। माना जाता है कि अन्न सेवा सबसे बड़ी सेवा होती है, महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र अपने सभी सदस्यों को प्रेरित करता है, कि वे अपने जीवन काल की अमूल्य स्मृतियों को मनाने के लिए अन्न सेवा, भोजन वितरण कर सेवा करने का प्रयास करें। इस क्रम वालवीर राज सुराणा के द्वारा अपनी माताजी स्वर्गीय पुष्पा सुराणा पत्नी उगम राज सुराणा की पुण्यतिथि पर अपना घर आश्रम लोहागल रोड अजमेर में आज सायं काल यहां के 115 आवासियों के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन किया। इस अवसर पर सुराणा दम्पत्ति के साथ सचिव प्रभात सेठी, मनोहर गोपाल ईनाणी एवं विमलचंद

## 189वां नेत्रदान: गोदावत परिवार का प्रेरणादायी कदम, कराया नेत्रदान

## नेत्रदान से दो नेत्रहीनों को मिलेगी रोशनी

स्वत्वाधिकारी **महावीर इंटरनेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट** के लिए एस-10, महावीर इन्टरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर से प्रकाशित

**प्रेषकः एस-10, महावीर इंटरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर**